mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-156 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

06 जून 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



भारतीय टीम ...

# राजा भैया की 'मौन साधना' ने बिगाड़ दिया बीजेपी का समीकरण!



## प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर इस बार सपा ने हासिल की बड़ी जीत

**प्रतापगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की प्रतापगढ़ और कौशांबी लोकसभा सीट पर पूरे देश की नजर बनी हुई थी। यह इलाका कुंडा से विधायक और जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का गढ़ माना जाता है। प्रतापगढ़ सीट से बीजेपी के संगम लाल गुप्ता को हार का मुंह देखना पड़ा है। पहली बार चुनाव लड़े सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने जीत हासिल की है। उन्होंने बीजेपी को 66206 वोटों से हराया। इसी तरह, दस साल बाद कौशांबी संसदीय सीट पर सपा ने एक बार फिर साइकिल में रफ्तार भर दी। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने सीधे मुकाबले में एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से बीजेपी के विनोद सोनकर को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। प्रतापगढ़ और कौशांबी दोनों सीटों पर बीजेपी के हार के पीछे राजा भैया की मौन साधना को बड़ा फैक्टर माना जा रहा है।



## अनुप्रिया पटेल ने राजा भैया पर साधा था निशाना

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल कुंडा विधानसभा के मानिकपुर मिलिट्री ग्राउंड पहुंची। जनसभा में उन्होंने कौशांबी से बीजेपी प्रत्याशी विनोद सोनकर को भारी मतों से जिताने की अपील की। साथ ही राजा भैया के गढ़ कहे जाने वाले कुंडा में उनका नाम लिए बगैर टिप्पणी की। अनुप्रिया ने कहा कि राजा किसी की कोख से पैदा नहीं होते हैं, अब लोकतंत्र में ईवीएम से राजा पैदा होते हैं। अब ना कोई राजा रह गया है और ना ही कोई रानी, जिसे आप मतदाता चाहें राजा बना दें और चाहे रंक। ऐसे स्वघोषित राजाओं को जिन्हें लगता है कुंडा हमारी जागीर है। उनके इस भ्रम को तोड़ने का आप सबके पास एक बहुत बड़ा सुनहरा अवसर आ चुका है। अब मतदाता ही सर्वशक्तिमान है।

## प्रतापगढ़ सीट पर ठाकुर सांसदों का रहा है दबदबा

आपको बता दें कि प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से अभी तक 16 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। दो बार ब्राह्मण समाज से आने वाले मुनीश्वर दत्त उपाध्याय सांसद बने, जबकि 12 बार ठाकुर वर्ग से सांसद रहे। 1962 और 1967 में अजीत प्रताप सिंह जीते। 1971 में राजा दिनेश सिंह यहां के सांसद बने। वह वो लगातार दो बार इस सीट पर जीतकर विदेश मंत्री बने।1980 में अजीत सिंह जीतने में सफल रहे। 1984 में कांग्रेस ने फिर से दिनेश सिंह को मैदान में उतारा तो वे लगातार दो बारे जीते। 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद बने।

### संक्षिप्त समाचार

## राजस्थान में गहलोत के इलाके में ही पिछड़ी कांग्रेस

- पूर्वी राजस्थान और शेखावाटी एरिया में सबसे ज्यादा फायदा

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में भाजपा हैट्रिक बनाने से चूक गई। 25 लोकसभा सीटों में से भाजपा को 14 सीट पर जीत मिली। कांग्रेस ने 10 साल बाद खाता खोला। इंडिया गठबंधन 11 सीट पर जीता। भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले 11 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा है। वहीं कांग्रेस और गठबंधन दल को 11 सीटों का फायदा हुआ। कांग्रेस को पूर्वी राजस्थान और शेखावाटी एरिया में सबसे ज्यादा फायदा मिला है। लोकसभा चुनाव को यदि विधानसभा सीटों



के नजरिए से देखें तो 200 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 106 और कांग्रेस गठबंधन ने 89 सीटों पर बढ़त बनाई है। विधानसभा चुनाव के छह महीने में ही 8 सीटों पर भाजपा ने बढ़त खो दी। विधानसभा चुनाव में भाजपा को 115 सीट मिली थी। वहीं, कांग्रेस गठबंधन ने 15 सीटों पर बढ़त हासिल की है। 2023 में गठबंधन में शामिल कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को मिलाकर 74 सीटें मिली थीं। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 8 विधानसभा सीटों में से एक पर भी भाजपा बढ़त नहीं बना पाई।

## हरियाणा के एक बूथ पर वोटों से ज्यादा मतदान

- मंत्री बोले-गड़बड़ी हुई वर्ना मेरे हलके से बीजेपी जीत जाती, अफसर जवाब नहीं दे सके

**हिसार (एजेंसी)।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली बवानीखेड़ा विधानसभा के 74 नंबर बूथ की ईवीएम को लेकर घमासान मचा है। इस बूथ पर तैनात प्रिसाइडिंग अफसर की गलती की वजह से बूथ पर डाले गए वोटों को रद्द करना पड़ा। इसी वजह से इस बूथ का रिजल्ट जारी नहीं किया गया। दरअसल, 25 जून को वोटिंग शुरू होने से पहले कराए गए मॉक पोल को डिलीट कराए बिना ही प्रिसाइडिंग अफसर ने



वोटिंग शुरू करवा दी। 4 जून को काउंटिंग के दिन ईवीएम खोली गई तो यहां वोट पोल, बूथ के कुल वोट से ज्यादा मिले। अधिकारियों ने इसकी जांच की तो पता चला कि मॉक पोल को रद्द कराए बिना ही मतदान करवा दिया गया। बूथ का रिजल्ट जारी नहीं होने पर बवानीखेड़ा से भाजपा विधायक और मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की जीत हुई है, लेकिन अधिकारी ईवीएम का रिजल्ट जारी नहीं कर रहे।

## उत्तरकाशी में बड़ा हादसा

# ठंड से 5 ट्रैकर्स की मौत

### 4 अभी भी फंसे, 13 का रेस्क्यू किया गया,मौसम खराब होने से ऑपरेशन में दिकत





**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 4400 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर गए 22 सदस्यों के दल में से 5 सदस्यों की ठंड से मौत हो गई। दल के 13 सदस्यों को रेस्क्यू किया गया है। फंसे हुए 4 ट्रैकर्स के लिए रेस्क्यू जारी है, लेकिन मौसम खराब होने से ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। दल में 18 ट्रैकर्स कर्नाटक, एक महाराष्ट्र और बाकी के तीन लोकल गाइड हैं। घटना में मरने वाले 5 लोगों के शव भी रेस्क्यू के बाद नटीन हेलीपेड लाए गए, जिन लोगों को सुरक्षित निकाला गया है उनमें से 8 को हेलीकॉप्टर के जरिए देहरादून के अस्पताल में भेजा गया है। साथ ही 3 लोगों को नटिन भटवाड़ी के अस्पताल में एडमिट कराया गया है। 2 लोगों की हालत स्थिर है। उत्तरकाशी के एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि ट्रैकिंग एसोसिएशन ने ग्रुप के सहस्त्रताल में फंसने की जानकारी 4 जून की शाम को दी थी। इसके बाद से ही रेस्क्यू जारी है। इसमें एनडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग, एयरफोर्स, आपदा प्रबंधन की टीम और सिल्ला गांव के लोग शामिल हैं। टिहरी जिले से भी पुलिस और वन विभाग का दल घटनास्थल के लिए भेजा गया है। एमआई-17 हेलीकॉप्टर के साथ एक टीम को बैकअप में रखा गया है। दरअसल 29 मई को एक 22 सदस्य ट्रैकिंग दल सहस्त्रताल ट्रैक पर गया था। यह दल मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए निकला था। इस ट्रैकिंग दल को 7 जून तक लौटना था। वापसी के दौरान दल 2 जून को कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को सभी सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ। बर्फबारी शुरू हो गई।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ी

- कोर्ट ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज की, मेडिकल टेस्ट कराने का निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार (5 मई) को अरविंद केजरीवाल की ज्यूडिशियल कस्टडी 19 जून तक बढ़ा दी। केजरीवाल को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। कोर्ट ने केजरीवाल की मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन की जमानत की मांग वाली अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि केजरीवाल के जरूरी मेडिकल टेस्ट कराएं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1 जून की हुई सुनवाई में



केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 जून के लिए सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया था। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था।

## ओड़िशा में भाजपा पहली बार अकेले बनाएगी सरकार

- सीएम नवीन पटनायक ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा में बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने बुधवार को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भुवनेश्वर में राजभवन जाकर राज्यपाल रघुवर दास को अपना इस्तीफा सौंपा। पटनायक पिछले 24 साल से राज्य के मुख्यमंत्री थे। मंगलवार 4 जून को लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आए। दोनों राज्यों में मौजूदा सरकारों को सत्ता गंवानी पड़ी। ओडिशा में बीजेडी को 147 में से 78, तो बीजेपी को 51 सीटें मिलीं। राज्य में भाजपा पहली बार पूर्ण बहुमत से अकेले सरकार बनाएगी। भाजपा ने अब तक मुख्यमंत्री की घोषणा नहीं की है। पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा। बहुत जल्द भाजपा नई सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। ओडिशा में बीजेडी 2000 से लगातार सत्ता में रही।

# पीएम मोदी का इस्तीफा राष्ट्रपति ने किया स्वीकार

## नई सरकार के गठन तक जिम्मेदारी संभालने को कहा

### एनडीए गठबंधन की बैठक,10 पार्टियां हुई शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस बीच पीएम मोदी के इस्तीफे और कैबिनेट को भंग करने की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा को भंग कर दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार करने के साथ ही उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने को कहा है। खबर ये भी आ रही कि एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण 8 जून को होगा। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल लगातार जारी है। बुधवार को दिल्ली में एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल अलग-अलग बैठक हुई। इस दौरान एनडीए की बैठक में नई सरकार के गठन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा कि एनडीए गठबंधन के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी 8 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।



## 'सरकार तो अब बनेगी ही' नीतिश का ऐलान

- लेकिन किसकी...सस्पेंस बना गए जेडीयू चीफ



**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को मिली जीत के बाद अब बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को दिल्ली में बीजेपी की ओर से एनडीए की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में शामिल होने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू चीफ नीतिश कुमार फ्लाइट से दिल्ली पहुंच गए। नीतिश कुमार और तेजस्वी यादव एक ही फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे हैं। बता दें, इंडिया गठबंधन ने भी बुधवार को मीटिंग की है। दिल्ली पहुंचे सीएम नीतिश कुमार ने एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दे दिया। नीतिश कुमार ने कहा- सरकार तो अब बनेगी ही।

## महाराष्ट्र में फडणवीस ने ली हार की जिम्मेदारी

### डिप्टी सीएम बोले-राज्य में पार्टी का संगठन मजबूत करूंगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में बीजेपी की स्थिति यूपी समेत राजस्थान, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा खराब हुई है। ऐसे में महाराष्ट्र से डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। उन्होंने पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने की पेशकश की है। फडणवीस ने आलाकमान को संदेश भेजा है कि वह संगठन में रहकर पार्टी के लिए काम करना चाहते हैं। दरअसल, बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि हमें महाविकास अघाड़ी की तीन पार्टियों के अलावा एक नेरेटिव से भी लड़ना पड़ा है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं नेतृत्व से मांग करूंगा कि मुझे सरकार के काम से मुक्त किया जाए। देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी और एनडीए अलायंस की बुरी स्थिति और सीटों के नुकसान को लेकर कहा कि मैं भागने वाला आदमी नहीं हूं। इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं।

# टूट गया 'माया' जाल, यूपी में बीएसपी का हुआ बंटाढार

### ना अपनी सीटें बचा सकी ना साख, जीरो रहीं सीटें

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडिया और एनडीए से दूरी बनाकर अकेले चुनाव मैदान में उतरना बसपा को बहुत भारी पड़ा। गलत निर्णय के कारण बसपा अपने अब तक के सबसे खराब दौर में पहुंच गई। एक भी सीट जीतना तो दूर, वह किसी भी सीट पर दूसरे नंबर पर नहीं रही। पार्टी का प्रदर्शन 1989 से भी खराब रहा, जब वह पहला चुनाव लड़ी थी। तब बसपा ने 9.90 फीसदी वोट हासिल किए थे और दो सीटें भी जीती थीं। इस चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिली



और वोट प्रतिशत गिरकर 9.14 फीसदी रह गया। इस तरह बसपा न तो कोई सीट जीत सकी और न साख बचा सकी। बसपा की इस हालत की कई वजहें हैं। इनमें एक प्रमुख वजह यह है कि वह हालात और परिस्थितियों को नहीं भांप पाई। इस चुनाव में राजनीति एनडीए और इंडिया दो धड़ों में बंट गई लेकिन बसपा इसको नहीं भांप सकी।

# हिमाचल में बीजेपी की हैट्रिक लेकिन वोट शेयर गिरा

### सीएम सुखू अपने क्षेत्र से लीड नहीं दिला पाए, शिमला में मंत्रियों की फौज बेकार

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई। हॉट सीट मंडी से कंगना रनोट, हमीरपुर से अनुराग ठाकुर, शिमला से सुरेश कश्यप, कांगड़ा से डॉ. राजीव भारद्वाज ने जीत हासिल की है। साल 2014 व 2019 के चुनाव में भी भाजपा ने चारों सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा का वोट शेयर गिरा है, जबकि कांग्रेस का बढ़ा है। इस चुनाव में आपदा



में केंद्र से आर्थिक मदद न मिलने और प्रदेश सरकार को गिराने के लिए धनबल के इस्तेमाल जैसे कांग्रेस के मुद्दे चुनाव में बेअसर साबित हुए। 6 बार के सीएम वीरभद्र सिंह के बेटे व प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मंडी सीट पर हार को नहीं टाल पाए। मुख्यमंत्री सुक्खू भी अपने विधानसभा हलके से पार्टी कैंडीडेट को लीड नहीं दिला सके। इस चुनाव में कांग्रेस का वादा भी काम नहीं कर पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल में पौधारोपण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल में विभिन्न संगठनों ने पौधारोपण किया और लोगों को इस साल तेज गर्मी के कारणों की जानकारी दी। एसआरएफ फाउंडेशन ने ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के तहत सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर और सूखी सेवनिया में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। रायपुर स्कूल के प्रधानाचार्य सुदेश शर्मा ने पौधारोपण किया और विद्यार्थियों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। सरकारी उमावि सूखी सेवनिया में शिक्षकों और सीएसी ने पौधारोपण किया। उन्होंने वन के महत्व के बारे में छात्रों को बताया। इसके अलावा फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी सत्यम पांडेय ने बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बढ़ती गर्मी के कारणों पर छात्रों से चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बचा सकते हैं। इसके लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। हमें कचरा इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए। सरकारी माध्यमिक विद्यालय लांबाखेड़ा, निपानिया जाट, बीनापुर, बरखेड़ी अब्दुल्ला एवं सरकारी उमावि बालमपुर में भी पर्यावरण दिवस मनाया गया। जहां प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं छात्रों ने पौधे लगाए और सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस कार्यक्रम में अर्जुन मीना सहित अन्य मौजूद थे।

### मदरसा बोर्ड के 7 कर्मचारी संविदा सेवा से मुक्त किए गए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड ने 7 कर्मचारियों को संविदा सेवा से मुक्त कर दिया है। सचिव म.प्र. मदरसा बोर्ड एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी अनुसार माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार 7 कर्मचारियों को संविदा सेवा से मुक्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री असद यार खान, श्री मुहम्मद यूसुफ, श्री मदन पवार, कु. सीमा इल्यास, श्री अजीम खान, श्रीमती जलीलुन्निसा, श्रीमती शबनम का स्टे वेकेन्ट होने से माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी 7 लोगों को 4 जून 2024 को संविदा सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

### मप्र अग्रवाल महासभा के त्रि-वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के त्रि-वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महासभा अध्यक्ष डीपी गोयल ने बताया कि गत एक जून से सदस्यता प्रारंभ कर दी गई है, जो 30 अगस्त तक जारी रहेगी। इसके बाद सितंबर में मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। दूसरे चरण में अक्टूबर के अंत में चुनाव अधिकारी की घोषणा होगी। नवंबर के दूसरे सप्ताह में चुनाव की तारीख की घोषणा की जाना संभावित है। महामंत्री संजय मेड़तिया के अनुसार चुनाव 15 दिसंबर से एक जनवरी के मध्य संपन्न होंगे। उन्होंने आगे बताया कि चुनाव की प्रक्रिया अभी बहुत प्रारंभिक स्टेज पर है, जल्द ही प्रदेश भर के महासभा पदाधिकारियों की चुनाव से संबंधित बैठक बुलाई जाएगी।

### संस्कार शाला की शिक्षिकाओं का अभ्यास वर्ग संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** विश्व हिंदू परिषद सेवा कार्य विभाग द्वारा सेवा बस्तियों में 68 संस्कार शालाएं चलाई जा रही है। संस्कार शालाओं की शिक्षिकाओं और उनके कार्यों की समीक्षा के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें केंद्रीय सह मंत्री अरुण कुमार ने परिवार एवं व्यक्ति को संस्कारित जीवन के विषय में विस्तार से चर्चा एवं मार्गदर्शन किया। भोपाल स्थित प्रांत कार्यालय में 4 जून को शिक्षिकाओं के मासिक एक दिवसीय अभ्यास वर्ग बैठक संपन्न हुई। प्रथम सत्र का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलित करकिया गया , दोपहर सामूहिक भोजन के बाद शाम को चतुर्थ सत्र का समापन हुआ। शिक्षिकाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे संस्कार शालाओं में बच्चों की संख्या और उनको सिखाए जा रहे खेलकूद व संस्कारों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रान्त कोषाध्यक्ष विजय जैन, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख भंवर सिंह, विभाग मंत्री राजेश साहू, विभाग सह मंत्री यतेंद्र जादोन्न, विभाग सेवा प्रमुख पप्पू पालीवाल ने संबोधित किया। आयोजन की व्यवस्था जिला सेवा प्रमुख गोकुल प्रसाद सेन ने संभाली।

### भोपाल में ब्राह्मण समाज ने किया आलोक शर्मा का स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों ने बुधवार को नव निर्वाचित सांसद आलोक शर्मा के घर पहुंचकर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और पुष्प मालाएं पहनाकर मिठाई खिलाई। शर्मा 5 लाख 1499 मतों से विजयी हुए हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश चतुर्वेदी, विष्णु राजोरिया, संदीप तिवारी, अनिल भार्गव, अजय पांडे, नरेंद्र पांडे, उमाकांत दीक्षित, शिरीष दुबे, रमन तिवारी, कमलेश कटारे, प्रमोद शर्मा, प्रियेस उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

# राज्य मंत्री गौर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने पिपलानी क्षेत्र में सुन्दर नगर बस्ती में निर्माणाधीन रोड की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्रीमती गौर मंगलवार को निवास कार्यालय पर गोविंदपुरा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थी। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निर्माण एजेंसियाँ कार्य को समय-सीमा में पूरा करें। साथ ही गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। समीक्षा के दौरान पिपलानी वार्ड 67 के पार्षद द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में सुन्दर नगर बस्ती में निर्माणाधीन रोड की गुणवत्ता ठीक नहीं है। इस पर उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ रोड बनाने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में श्रीमती गौर ने वार्ड-वार विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में पार्षद श्री जितेन्द्र शुक्ला, श्री राजू राठौर, श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती सिरोमणी शर्मा सर्वश्री वी शक्ति राव, राजेश चौकसे, प्रताप बारे, विकास पटेल, शिवलाल मकोरिया, सुरेन्द्र वाटिका, नीरज सिंह और श्री सुन्दर लाल परमार सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा लगाया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राजभवन के अधिकारी आवास परिसर में सागौन का पौधा लगाया। उन्होंने राजभवन में सागौन पौधरोपण का शुभारम्भ किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री पटेल की पहल पर राजभवन में सागौन के सौ पौधों के रोपण का कार्य किया जाएगा।



## तीन सांसदों ने बनाई हैट्रिक, आठवीं बार जीते वीरेन्द्र कुमार खटीक होंगे मप्र से सबसे वरिष्ठ सदस्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सीटें जीतकर इतिहास रचा तो अन्य कीर्तिमान भी बने हैं। एक साथ तीन लोकसभा सदस्यों ने हैट्रिक बनाई है। इसमें रीवा से जनार्दन मिश्रा, मंदसौर से सुधीर गुप्ता और राजगढ़ से रोडमल नागर शामिल हैं। राजगढ़ में नागर को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कड़ी टक्कर दी, पर नागर तीसरी बार जीतने में सफल रहे। इस बार लोकसभा पहुंचने वालों में प्रदेश के सबसे अनुभवी सदस्य वीरेंद्र कुमार खटीक होंगे। लगातार आठवीं बार जीतकर उन्होंने अपनी ही पार्टी की सुमित्रा महाजन के इंदौर से आठ बार जीतने के कीर्तिमान की बराबरी कर ली है। हालांकि, मध्य प्रदेश से लोकसभा के लिए सर्वाधिक बार चुने जाने का रिकॉर्ड कमल नाथ का है। वह नौ बार चुने गए हैं। खटीक के बाद फग्गन सिंह कुलस्ते सातवीं बार जीतकर लोकसभा में पहुंचे हैं। शिवराज सिंह चौहान छठवीं बार जीते हैं, जबकि सतना से गणेश सिंह और गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया पांचवीं बार



लोकसभा सदस्य बने हैं। आठ सदस्य दूसरी बार जीते हैं। पहली बार जीतकर लोकसभा पहुंचने वालों में तीन महिलाएं सहित 11 सदस्य हैं। इनमें शिवमंगल सिंह तोमर, भारत सिंह कुशवाह और राहुल सिंह लोधी को छोड़ बाकी आठ कभी विधानसभा सदस्य भी नहीं रहे। मंदसौर से लक्ष्मी नारायण पाण्डेय और उज्जैन से सत्य नारायण जटिया लगातार छह बार जीते थे, पर इस चुनाव में इस रिकार्ड तक पहुंचने की दौड़ में भाजपा-कांग्रेस से कोई नहीं था।

## राज्यसभा की सीट छोड़ेंगे सिंधिया, बुधनी और अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए होंगे उपचुनाव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना से लोकसभा जीतने के साथ यह तय हो गया है कि प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट रिक्त होगी। इस पर उपचुनाव कराया जाएगा। उधर, विदिशा से सांसद चुने जाने के अब शिवराज सिंह चौहान विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देंगे। वे बुधनी विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट भी रिक्त है। इन दोनों सीटों के लिए भी उपचुनाव कराया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को राज्यसभा का सदस्य रहते गुना संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ाया था। वे 5,40,929 मतों के अंतर से कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव को हराकर फिर लोकसभा पहुंचे हैं। जाहिर है कि अब वे राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देंगे। चुनाव आयोग शेष अवधि के लिए उपचुनाव कराएगा। सिंधिया का





राज्यसभा में कार्यकाल नौ अप्रैल 2026 तक है। पार्टी यहां से देश और प्रदेश के सियासी समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशी तय करेगी क्योंकि 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या 163 को देखते हुए निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। वहीं, बुधनी से विधायक पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा लोकसभा सीट से चुने जाने के कारण यहां भी उपचुनाव होगा। इसी तरह चुनाव से पहले छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक कमलेश शाह ने त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। यह सीट रिक्त घोषित हो चुकी है और इसकी सूचना भी चुनाव आयोग को दे दी गई है।उधर, विजयपुर से कांग्रेस के विधायक रामनिवास रावत और बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे को लेकर असमंजस की स्थिति है। लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता लेने की घोषणा हुई थी। उन्होंने मुरैना में भाजपा के पक्ष में काम भी किया। इसी तरह बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे ने भी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी पर दोनों ने अब तक विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र नहीं दिया है। कांग्रेस अब दोनों को अपने साथ नहीं रखना चाहती है इसलिए विधिक स्थिति का परीक्षण करके विधानसभा के एक जुलाई से होने वाले मानसून सत्र के पहले विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने के लिए आवेदन दे सकती है।

## भाजपा ने मप्र में किया प्रयोग, पहली बार के 11 प्रत्याशी जीते लोकसभा चुनाव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इस बार मध्य प्रदेश में भाजपा ने प्रयोग करते हुए 11 ऐसे नेताओं को पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ाया था। इन सभी ने जीत हासिल की। इसमें मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाहा, सागर से लता वानखेड़े, दमोह से राहुल सिंह लोधी, सीधी से डा.राजेश मिश्रा, जबलपुर से आशीष दुबे, बालाघाट से भारती पारधी, छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, छिंदवाड़ा से दर्शन सिंह चौधरी, भोपाल से आलोक शर्मा और रतलाम से अनीता नागर शामिल हैं। इनमें से राहुल लोधी और शिवमंगल सिंह तोमर का विधानसभा चुनाव में टिकट काट दिया गया था तो विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव हार गए थे। भाजपा के मप्र के बूथ प्रबंधन मॉडल ने उत्तर प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर पार्टी को जीत दर्ज कराई। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर क्लस्टर के प्रभारी रहे मध्य प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद ने मध्य प्रदेश के मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान की तरह गोरखपुर के स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर कई प्रयोग किए। हितानंद की देखरेख में यहां क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली पांच लोकसभा सीटों में वैकअप कॉल, महिला कंट्रोल रूम और सात दिन पहले बूथ अभिकर्ताओं के नाम चिह्नित करने जैसे काम सफलता से किए गए। इन क्षेत्रों में एक जून को मतदान हुआ था। भाजपा के बूथ प्रबंधन माडल और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश के महराजगंज लोकसभा सीट से पंकज चौधरी ने 22651 मतों के अंतर से जीत दर्ज की तो गोरखपुर में रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन 42567 मतों के अंतर से विजयी हुए। कुशीनगर से विजय कुमार दुबे 28235, देवरिया में शशांक मणि 17677 मतों से और बांसगांव लोकसभा सीट से कमलेश पासवान ने 12200 मतों से जीत दर्ज की।

# मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में नोटा को मिले वोटों ने बढ़ाई चिंता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नोटा (इनमें से कोई नहीं) के इंदौर में अपवाद वाले प्रदर्शन को छोड़ दें तो भी कुछ आदिवासी बहुल सीटों पर नोटा को मिले वोट भाजपा-कांग्रेस की चिंता बढ़ा सकते हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित सभी छह सीटों पर अन्य सीटों की तुलना में अधिक वोट हुआ है। जय युवा आदिवासी शक्ति संगठन समेत अन्य संगठनों ने प्रत्याशी पसंद न आने पर नोटा में वोट करने के लिए कहा था। वहीं, भाजपा और कांग्रेस के नेता आदिवासी बहुल क्षेत्रों में मतदाताओं को वोट का महत्व समझाने में नाकाम रहे। भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों ने आदिवासी बहुल क्षेत्रों पर फोकस किया था क्योंकि सुरक्षित छह सीटों के अलावा




छिंदवाड़ा, सतना, बालाघाट समेत अन्य क्षेत्रों में ये परिणाम को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इंदौर में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने आखिरी दिन नाम वापस ले लिया था। इससे कांग्रेस चुनावी लड़ाई से बाहर हो गई। कांग्रेस ने किसी को समर्थन न देते हुए नोटा को वोट देने की अपील की थी। इंदौर में नोटा को 2,18,674 वोट मिले हैं। वहीं, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित सीट रतलाम को देखें तो वहां 31,735 वोट नोटा मिले। वह चौथे स्थान पर रहा। इसी तरह धार में भी नोटा को 15,651, खरगोन में 18,257, मंडला में 18,921, बैतूल में 20,322 और शहडोल में 19,361 वोट मिले यानी महाकोशल, विंध्य हो या फिर मालवा-निमाड़ अंचल सभी जगह आदिवासियों ने भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को छोड़कर नोटा को चुना। बालाघाट में 11,510, छिंदवाड़ा में 9093, सतना में 2,553 और सीधी में 4,216 मतदाताओं ने नोटा में वोट दिया। नोटा के बढ़ते प्रभाव को प्रत्याशियों और पार्टियों के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कहना है कि नोटा लोकतंत्र में चुनाव के मूल विचारों के विपरीत है। उपलब्ध में बेहतर को चुनकर जनप्रतिनिधि के रूप में भेजना ही स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है। समाज को तोड़ने वाले और देश को कमजोर करने वाले तत्व नोटा को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। भाजपा की सर्वव्यापी योजनाओं ने जीवन में बदलाव लाया है।

# नीट यूजी का रिजल्ट जारी, 710 अंक अर्जित कर सुजीत और हर्ष बने सिटी टापर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी- 2024 का परिणाम मंगलवार शाम को जारी कर दिया है। इस साल मेडिकल कालेज के एमबीबीएस, बीडीएस व अन्य पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेने के इच्छुक अभ्यर्थी नीट यूजी रिजल्ट एनटीए की अधिकृत वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। भोपाल समेत देश भर में नीट पांच मई को हुआ था, जिसमें राजधानी में 28 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में करीब 17 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से कई ने सफलता अर्जित की है।720 में से 710 अंक अर्जित कर सुजीत गौर और हर्ष धाकड़ सिटी टापर बने हैं, वहीं 705 अंक हासिल कर अक्षर दुबे ने शहर में दूसरा स्थान अर्जित किया है। वहीं शासकीय सुभाष उत्कृष्ट स्कूल के 15 बच्चों ने नीट में सफलता अर्जित की है। इस बार पेपर सरल होने से अधिकतर परीक्षार्थियों ने अच्छे अंक अर्जित किए हैं। इसलिए कटआफ ऊपर जाने की संभावना है। नीट में सफल हुए शहर के विद्यार्थियों ने नवदुनिया से अपनी सफलता के सूत्र साझा किए। रायसेन जिले के चंदन पिपलिया गांव के रहने वाले 19 वर्षीय हर्ष धाकड़ नीट की तैयारी के लिए



भोपाल में रहते हैं। उनके पिता वीरेंद्र धाकड़ एक किसान हैं और मां शीला धाकड़ एक गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि यह मेरा दूसरा प्रयास है। अपने पहले प्रयास में एक अंक से अयोग्य घोषित हो गया था। इस बार मेरे पेपर गए अच्छे थे, इसलिए मुझे अच्छे अंकों की उम्मीद थी। हर्ष ने बताया कि वह अपने गांव के पहले छात्र हैं, जिन्होंने नीट क्वालिफाई किया है। सेल्फ स्टडी को 14-15 घंटे देता था। जब भी तनाव महसूस होता था तो अपनी मां और शिक्षकों से बात करता था। व्हाट्सएप के अलावा इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल नहीं करता। एम्स में दाखिला लेना चाहता हूं। बैरसिया के भरोवाल गांव के रहने वाले 17 वर्षीय सुजीत ने बताया कि यह मेरा दूसरा प्रयास था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं टाप करूंगा। पिता ओम प्रकाश एक किसान हैं और मां अयोध्या बाई एक गृहिणी हैं। परीक्षा के दौरान सेल्फ स्टडी के लिए 12 से 13 घंटे का समय दिया। मेरी सफलता का मंत्र है अपने शिक्षकों की आज्ञा का पालन करना। पढ़ाई का तनाव दूर करने के लिए क्रिकेट खेलता था। पहले मैं रैंक के आधार पर जो भी कालेज मिलेगा, वहां से एमबीबीएस करूंगा। फिर एमडी के लिए जा सकता हूं। स्कूली की पढ़ाई माडल स्कूल भोपाल से की है और नीट की तैयारी के लिए भोपाल में रहकर कोचिंग की। मेरे माता-पिता डा. मुकुरिता दुबे और डा. आशीष दुबे भी चिकित्सक हैं। उन्हें देखकर मैं भी उन जैसा बनना चाहता था। मैं कोचिंग के अलावा घंटे गिनकर नहीं पढ़ता था। जब तक मन करता था पढ़ता रहता था। सुबह छह बजे उठकर रिवीजन करता था और कई बार रात को दो से तीन बजे तक पढ़ता रहता है। पैरेंट्स को कई बार बोलना पड़ता था कि ब्रेक ले लो, लेकिन मुझे मजा आता था। जब प्रेशर होता था, तब अपने कोचिंग के सर से बात करता था, क्योंकि तनाव तो होता ही है। इसके साथ ही मैं एनसीइआरटी की किताबों से भी पढ़ाई की है।

# रिकॉर्ड मतों से जीतकर नव निर्वाचित सांसद दिल्ली के लिए हुए रवाना, हृदय से जताया जनता जनार्दन का आभार

## नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने सीधी लोकसभा की जनता ने किया मतदान





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा परिवार सहित सपत्नीक मतगणना स्थल में पहुंचकर सीधी लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा जीत का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। इसके बाद गाजे बाजे, डीजे एवं शानदार आतिशबाजी से युक्त विशाल काफिले के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा विजय जुलूस निकालते हुए स्थानीय पूजा पार्क में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विजय श्री का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका शानदार स्वागत कर जश्न मनाया।

नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीधी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हमें और भाजपा को जो स्नेह, आशीर्वाद प्रदान किया है, उसका मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और जनता का अभिनंदन करता हूं। डा मिश्रा ने कहा कि सीधी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान किया है। जनता के आशीर्वाद से हमें कार्य करने की शक्ति और प्रेरणा मिलती है।

**संगठन की शक्ति और देवतुल्य कार्यकर्ताओं की वजह से मिली जीत:** नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि सीधी लोकसभा क्षेत्र जिसके अंतर्गत सीधी, सिंगरौली और शहडोल जिले की ब्योहारी विधानसभा आती है, के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के कुशल संगठन के साथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोकसभा क्षेत्र के तीनों जिलों सीधी, सिंगरौली, शहडोल जिले की आठों विधानसभाओं के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अथम मेहनत और परिश्रम से भाजपा को यह ऐतिहासिक विजय मिली है।

**मोदी की गारंटी पर जनता ने जताया भरोसा:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और नवनिर्वाचित सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने क्षेत्र के विकास और गरीब कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि आज सीधी में भाजपा को जनता से इतना प्रचंड आशीर्वाद प्रदान किया है। मैं भाजपा के प्रदेश संगठन से लेकर, तीनों जिला अध्यक्ष, सभी विधायक, मंत्री, बूथ और पन्ना समितियों में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं, जिन्होंने केंद्र और मप्र भाजपा सरकार की उपलब्धियां, विकास और गरीब कल्याण के कार्यों को जनता तक पहुंचाया। जिसके कारण जनता जनार्दन का अपार स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मतगणना के कार्य में लगे हुए सभी मतदान कर्मी एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ-साथ मीडिया कर्मियों का भी विशेष रूप से आभार व्यापित करता हूं। सीधी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते 10 वर्षों में किए गए विकास कार्यो के साथ दी गयी गारंटियों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर मैं सीधी लोकसभा क्षेत्र की सभी जनता और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने दी शुभकामनाएं :** सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से शानदार विजय श्री अर्जित करने वाले डॉक्टर राजेश मिश्रा को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स पर ट्वीट कर विजय की शुभकामनाएं दी और क्षेत्र की जनता का आभार ज्ञापित किया।

**बढौरानाथ का लिया आशीर्वाद:** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने प्रचंड जीत के पश्चात ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बढौरा नाथ पहुंचकर प्रभु शिव शंकर का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की जनता के कल्याण की कामना की।

**दिल्ली के लिए हुए रवाना:** नव निर्वाचित लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा आज सीधी से सिंगरौली होते हुए दिल्ली के लिए नए कर्म क्षेत्र हेतु रवाना हुए। इसके पूर्व परिवार जनों एवं लाडली लक्ष्मी की बहनों ने आरती उतार कर कलश दिखाकर उन्हें विदा किया और आशीर्वाद प्रदान किया इस दौरान वेद मंत्र भी पढ़े गए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के नगरीय क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया, नगर परिषद मझौली में अमृत 2-0 योजना अंतर्गत स्वीकृत रुपये 39 लाख की लागत से पुरनिहा तालाब के जीणोद्धार का कार्य चालू है जिसके आसपास सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद रामपुर नैकिन में दसौधा तालाब के सफाई का कार्य शुरू कराया गया, नगर परिषद चुरहट में वार्ड क्रमांक 15 कन्या स्कूल चुरहट के पास स्थित पुराने कुए को संरक्षित करने के उद्देश्य से सफाई का कार्य प्रारम्भ किया गया।

नगर पालिका परिषद सीधी एवं नगर परिषद चुरहट द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आम, पीपल, बरगद, नीम के पौधरोपण किया गया। नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ड्रीम स्वसहायता समूह एवं आंचल स्वसहायता समूह नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किए गए कबाड़ से जुगाड़ के तहत कृत्रिम पेड़ का निर्माण कर वार्ड क्रमांक 5 गृह निर्माण मण्डल कालोनी के पार्क में स्थापित किया गया है।

नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के आम नागरिकों, स्वय सेवी संस्थाओं से दिनांक 05 जून से 16 जून 2024 तक पुराने तालाब, कुओं, बाबड़ियों, प्रवाहित नदियों के सरंक्षण के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहयोग एवं श्रमदान करने की अपील की गयी है।

## पन्ना-कटनी मार्ग के बराछ मोड़ पर हादसा

# पिकअप ने कार को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, पति-पुत्र घायल



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना-कटनी मार्ग के बराछ मोड़ के पास बुधवार दोपहर पिकअप ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं पति-पुत्र गंभीर रुप से घायल हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार भिलाई के रहने वाले देवेन्द्र कौर अपनी पत्नी हेमलता कौर और पुत्र खुशवीर कौर के साथ कार से खजुराहो घूमने आए थे। लेकिन वापस जाते समय पन्ना-कटनी मार्ग में बराछ मोड़ के समीप भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना में कार में ही पूरा परिवार दब गया। हादसे में देवेंद्र की पत्नी हेमलता की मौत हो गई।

पिकअप की टक्कर कार डैमेज हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। परिजनों के आने के के बाद मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# धड़ल्ले से लिखी जा रही बाहर की दवा

## डॉक्टर और मेडिकल संचालकों की साठगांठ से चल रहा खेल



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** जिला मुख्यालय मुख्यालय में शहर चौक बाजार स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अपनी मनमानी करते नजर आ रहे है। मेडिकल संचालकों से साठगांठ कर बाहर की दवा लिख रहे हैं। जिससे बीमार और बेबस गरीब व्यक्ति महंगे दामों में दवाइयां खरीदने पर मजबूर हैं। अगर कोई व्यक्ति आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज करने के लिए जाता है तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर मरीज के हाथों में दवाइयां का लंबा पर्चा थमा देते हैं और कहते हैं कि अस्पताल में दवाई खत्म हो चुकी है बाहर से दवा खरीद लो क्योंकि अस्पताल में दवाई खत्म हो चुकी है।

जिससे मेडिकल संचालक और डॉक्टरों की जमकर कमाई हो रही है, इन लोगों ने अब यह कमाई का जरिया बना लिया है, ऐसा ही एक मामला सामने आया है जब महिला डॉक्टर के पास इलाज कराने पहुंची तो डॉक्टर ने उसे अस्पताल के बाहर मेडिकल से दवा खरीदने के लिए कहकर एक लंबा पर्चा थमा दिया।

जानकारी के अनुसार, दीप्ति पटेल निवासी खजुराहो बुधवार की दोपहर 12 बजे चौक बाजार स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराने पहुंची तभी वहां मौजूद डॉक्टर ने इलाज करते हुए एक दवा का लंबा पर्चा थमा दिया जब डॉक्टर से कहा कि अस्पताल की दवा लिख दीजिए तो डॉक्टर ने स्पष्ट कह दिया कि अस्पताल में कोई दवा नहीं है।

आपको बाहर से ही दवा खरीदनी पड़ेगी। उसके बाद जब महिला डॉक्टर के बताए अनुसार मेडिकल दुकान पर पहुंची तो दुकानदार ने दवा निकाली दी।

उसके साथ 820 रुपए का बिल भी थमा दिया। लेकिन जब महिला ने कहा कि हमारे पास इतने पैसे नही है तो तत्काल पैसे कम करते हुए कहा कि डिस्काउंट के साथ 650 रुपये दे दो। इलाज कराने आई महिला दीप्ति पटेल ने बताया कि के पास पैसे ना होने के कारण वह सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंची लेकिन डॉक्टरों की मनमानी के चलते उन्होंने उसे दवाई का एक लंबा परिचय थमा दियाऔर कहा अस्पताल के बाहर से खरीद लो अस्पताल में दवाई नही है।

जबकि सरकार की तरफ से अस्पताल में फ्री दवाई दी जाती है। अगर मेरे पास पैसे होते तो सरकारी अस्पताल में इलाज करने क्यों जाती।

मेडिकल संचालक नगरिया ने बताया कि अस्पताल में दवाई मिलती है वह खराब रहती है उसमें मरीज को आराम नहीं मिलता, इस वजह डॉक्टर मरीज को बाहर से दवाई लिखते हैं।

## संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित सामान्य जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही आज के दौर में पेड़ पौधों के लगातार कटाई एवं पर्यावरण प्रदूषण से हो रही भीषण आपदाओं एवं बिगड़ते मौसम के हालात से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में छात्र/छात्राओं को जानकारी दी गयी और सभी छात्र/छात्राओं को अधिक से अधिक पेड़ पौधों अपने घरों एवं महाविद्यालय में लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में छात्र/छात्राओं को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. व्ही.के. दुबे, वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर सिंह, रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. उमेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सिद्धार्थ कुमार वर्मा (एनएसएस प्रभारी), अतिथि विद्वान डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. नुसरत अली, महाविद्यालय के कर्मचारीगण एवं एनएसएस के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा, वृक्ष लगाकर अपने आप को सुरक्षित करें



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद वीडी शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पन्ना नगर में पौधा लगाकर पौधरोपण का संदेश दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हम सबको को बढ़चढ़ कर पौध लगाकर अपने आप को सुरक्षित करना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व में है। हरित क्रांति की आवश्यकता है। इसके लिए आवश्यक है कि हमें अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पन्ना नगर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि मानव प्रकृति का दोहन लगातार कर रहा है। जो पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। प्रकृति हमें हर प्रकार से सब कुछ देती है। लेकिन हम पेड़ों का दोहन कर कर इन्हें काटकर प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं।

हमें प्रकृति के संतुलन के लिए हर रोज एक पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेश और देशवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे हैं।

इस दौरान उनके साथ पन्ना विधायक प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पांडे, सदानंद गौतम, शारदा पाठक, जयप्रकाश चतुर्वेदी, सुधांशु गुप्ता के साथ-साथ कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

# 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में जगह-जगह किया गया पौधरोपण




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं मुख्य संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2024 से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 तक (72 दिवसीय) प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन 05 जून 2024 को जिला न्यायालय परिसर में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी संजीव कुमार पाण्डेय, मुकेश कुमार प्रथम जिला न्यायाधीश, विकास चौहान तृतीय जिला न्यायाधीश, अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा पौधरोपण किया गया

उक्त कार्यक्रम में सोनम शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश सिंह, उमाकांत शुक्ला, दीपू नवैत, ईबरार खान उपस्थित रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी संजीव कुमार पाण्डेय ने आमजन को देश में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने हेतु प्रत्येक परिवार को कम से कम 05-05 पौधे लगाये जाने तथा उनको संरक्षित करने हेतु संदेश दिया। ताकि आगे आने वाले समय में हम अपने पर्यावरण को बचा सकें एवं आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान कर सके।

**नगर पालिका में:** विश्व पर्यावण दिवस 5 जून के अवसर पर नगर पालिका सीधी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल के निर्देशन में किया गया जिसमे आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमे आम, पीपल, नीम, बरगद का रोपण किया गया। साथ ही कबाड़ से जुगाड़ के तहत एसबीएम और एनयूएलएम कन्वर्जेंस के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से कबाड़ से एक पेड़, स्वागत करते हुए एक महिला एवं पुरुष की मूर्ति भी बनाई गई जिससे आमजन को संदेश दिया गया कि कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से किस प्रकार से नवाचार किया जा सकता है एवं अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी सामग्री तैयार की जा सकती है। कार्यक्रम में नगर पालिका सीधी के एसडीओ सरमनलाल त्रिपाठी, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह, सिटी मिशन मैनेजर संदीप मिश्रा एवं मनोज कुमार चौबे, समाजसेवी प्रकाश शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





**शासकीय महाविद्यालय मड़वास में:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में महाविद्यालय परिसर में करंज, पीपल और जामुन के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आई.पी.प्रजापति ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्वच्छ और साफ-सुथरा वातावरण मानव जीवन के लिए आवश्यक है इसलिये हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को साफ स्वच्छ रखें।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि विद्वान डॉ दीपक अग्निहोत्री, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, डॉ सौरभी गुप्ता, डॉ निशा सिंह, डॉ राजेश पटेल, डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाह सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं व महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।

## विचार

# उत्तर प्रदेश में बीजेपी के हिन्दुत्व पर भारी पड़ी सपा की जातीय जुगलबंदी

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यूपी में खराब परफारमेंस की वजह से बीजेपी केन्द्र में अपने दम पर बहुमत का भी आकड़ा नहीं पा कर पाई। भले ही एनडीए के तौर पर उसकी सरकार बनना तय लग है, लेकिन अबकी से उसके सामने चुनौती बड़ी होगी। बीजेपी का यह सारा खेल यूपी ने बिगाड़ा है। 2017 के विधान सभा चुनाव के बाद जिस तरह से अप्रत्याशित तरीके से बीजेपी आलकमान द्वारा योगी को यूपी का सीएम बनाया गया था, उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधान सभा चुनाव में मोदी के साथ योगी का भी सिक्का खूब चला। यहां कोई भी चुनाव होता मोदी आगे तो योगी उनके पीछे नजर आते थे। अपने बल पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ का जादू अबकी लोकसभा चुनाव में क्यों नहीं चला यह यक्ष प्रश्न है। कहा यह भी जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूला ने बीजेपी के हिन्दुत्व को हासिये पर ढकेल दिया। जबकि जमीनी हकीकत यही है कि यूपी की सियासी पिच पर भले योगी मात खा गये हों, लेकिन उनकी सरकार के कामकाज को लेकर किसी को कोई खास नाराजगी नहीं है। आज भी प्रदेश में लॉ एंड आर्डर के कारण उनकी छवि काफी बड़ी दिखती है। विकास के कार्य भी ठीकठाक चल रहे थे, ऐसे में यही कहा जा सकता है कि शायद योगी अपनी बात को मतदाताओं के सामने उतने सही तरीके से नहीं जैसा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करने में सफल रहे। वहीं बसपा के वोटर को भी जब इस बात का अहसास हुआ कि बहनजी अबकी से रेस में नहीं है तो उसने भाजपा की जगह समाजवादी पार्टी का साथ ज्यादा पसंद किया, यह भी बीजेपी के लिये माइनस प्वाइंट रहा। इसकी वजह भी साफ है। दलित और उसके साथ पिछड़ों को भी इस बात का विश्वास हो गया था कि यदि मोदी मजबूत हुए तो उनका आरक्षण खत्म हो जायेगा। बहरहाल, योगी की भविष्य की राजनीति पर लोकसभा चुनाव के नतीजे का प्रभाव पड़ना निश्चित है। एक तरफ विपक्ष उनके खिलाफ ज्यादा हमलावर होगा तो पार्टी के भीतर से भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगेंगी। क्योंकि अक्सर ऐसी खबरें आती थीं कि योगी राज में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को कोई महत्व नहीं मिल रहा था और इसकी बड़ी वजह योगी को समझा जाता था। यहां तक की चौकी-थाने तक में बीजेपी नेताओं और पार्षदों की बात तो दूर विधायकों और सांसदों तक की नहीं सुनी जाती थी। यूपी में भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों को भी झटका लगता है। सुभासपा के बढ़ बोले नेता ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे को चुनाव नहीं जिता पाये तो संजय निषाद की पार्टी का भी एक सीट पर खाता नहीं खुला। हॉ, राष्ट्रीय लोकदल अपनी दो और अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से चुनाव जीत गई हैं। वहीं, सुभासपा को घोसी लोकसभा सीट पर झटका लगा है। इंडिया गठबंधन प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीतने में सफल रहा। इसमें सपा की 37 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांग्रेस को भी 6 सीटों पर जीत हासिल हुई, लेकिन इसका श्रेय भी अखिलेश को ही दिया जा रहा है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए 36 सीटों पर ही हासिल कर पाई,जिसमें भाजपा की 33 सीटें थीं। यूपी में उसके सात केन्द्रीय मंत्री चुनाव हार गये। एक सीट पर आजाद समाज पार्टी को जीत हासिल हुई। दस वर्षो गे बाद अबकी से यूपी के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा बड़े स्तर पर पिछड़ी, यह तो सबने देखा, परंतु क्यों पिछड़ी इसको लेकर उसके अंदर भी दुविधा नजर आ रही है। जो बीजेपी 2019 में यूपी में 63 सीटें जीती थीं जो अबकी से वह 33 पर सिमट गई। पार्टी को 30 से सीटों का का नुकसान एठाना पड़ा। वहीं, कांग्रेस का आकड़ा एक से छह पर पहुंच गया है। 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़त बनाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रही है। 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से अब तक का यह उसका सबसे शानदार प्रदर्शन था।

# पर्यावरण के बड़े खतरों से निपटने के लिये कोशिशें भी बड़ी हों

ललित गर्ग

**विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं।**



इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रही है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेज़बानी करेगा, जिसका थीम होगी 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य।' यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता।' मानवता भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं।

हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं। तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा। नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फटने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषत: विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है। बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफ साइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के कारण महासागर में जलस्तर में ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो महासागरों का बढ़ता हुआ क्षेत्रफल और जलस्तर एक दिन तटवर्ती स्थल, भागों और द्वीपों को जलमग्न कर देगा। ये स्थितियां भारत में हिमालय के ग्लेशियर के पिघलने से एक बड़े संकट का कारण बन रही है। हाल के दिनों में हिमालयी राज्यों में जंगलों में आग की जो घटनाएं घटीं, वे ग्लेशियरों के लिए नया खतरा हैं। वनों में आग तो पहले भी लगती रही हैं, पर ऐसी भयानक आग काफी खतरनाक है। ग्रीन हाउस गैसों के असर से पूरी दुनिया के साथ ही हिमालय भी गरम हुआ है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर पश्चिमी हिमलाय के औसत तापमान में पिछले दो दशक में 2.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा उसके पहले के सौ साल में हुई बढ़ोतरी से कहीं ज्यादा है। भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने एवं संतुलित मौसम चक्र को कायम करने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

## ए.सी. का लापरवाहीपूर्ण इस्तेमाल जानलेवा न बने

इस वक्त देशभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। इससे निजात पाने के लिए अधिकांश लोग अपने घरों में ए.सी. (एयर कंडीशनर) लगा रहे हैं और घरों का तापमान कम करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन खबरों की सुर्खियां देखें तो गर्मी बढने के साथ ही ए.सी. में ब्लास्ट की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। कुछ रोज पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक हाऊसिंग सोसाइटी में लगी आग का कारण घर में लगे ए.सी.का कम्प्रैसर फटना था। इस ब्लास्ट के बाद दिन भर मीडिया में एक बहुमंजिला इमारत के इस फ्लैट में लगी आग के दिल दहला देने वाले विजुअल चलते रहे। इससे पहले 27 मई को मुंबई के बोरीवली वैस्ट के एक फ्लैट में भी ऐसा ही मामला सामने आया था। नोएडा में हुई घटना की तरह वहां भी ए.सी. में आग लगने से पूरा फ्लैट जलकर राख हो गया। हरियाणा के हिसार जिले में स्थित एक अस्पताल में भी कुछ दिन पहले ए.सी. का कम्प्रैसर फटने से आग लगी थी। ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञ बताते हैं कि ए.सी. की कूलिंग के लिए एम्बिएंस (कम्प्रैसर के आसपास) का तापमान, कन्डैंसर के तापमान से करीब 10 डिग्री सैल्सियस कम होना चाहिए। भारत में अमूमन ए.सी. के कन्डैंसर का तापमान 50 डिग्री सैल्सियस तक होता है।

# मोदी ब्रांड की छवि पर जो आघात हुआ है, उससे देश ही नहीं दुनिया भी हैरान है

नीरज कुमार दुबे

भारत की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि अबकी बार 400 पार के नारे की ही नहीं बल्कि %मोदी है तो मुमकिन है% और %जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे जैसे नारों की भी हवा पूरी तरह निकल गयी है। चुनाव प्रचार की बात हो या भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ मोदी की गारंटी के




ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जबसे मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तबसे यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में %मोदी की गारंटी% के अलावा विकास भी और विरासत भी% का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। दूसरी ओर, भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि साल 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरुआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है। यह विश्वास ही तो है कि विपक्ष के घोषणापत्र में की गयी फ्री की तमाम सौगातों की बजाय जनता ने मोदी के वादों को तवज्जो दी है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की बात करें तो उसमें उन्होंने साफ कहा है कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है और नंबरगेम चलता रहता है। उन्होंने कहा है कि लेकिन इस सबका असर देश के विकास पर नहीं पड़ना चाहिए। वैसे देखा जाये तो लोकतंत्र में नंबरगेम ही मायने रखता है लेकिन मोदी के लिए इसका खास महत्व नहीं है। इस बात को हम गुजरात के उदाहरण से भी समझ सकते हैं। मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए भाजपा ने 2002 में 127 सीटों पर जीत हासिल की थी उसके बाद पार्टी अगले चुनाव में 117 सीटों पर और उसके बाद 116 सीटों पर पहुँच गयी थी।

यही नहीं, मोदी के दिल्ली आने के बाद गुजरात में जो पहला विधानसभा चुनाव हुआ था उसमें भाजपा 99 सीटों पर आ गयी थी लेकिन 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने गुजरात में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये थे। नंबरगेम ऊपर नीचे होता रहा लेकिन मोदी ने गुजरात के विकास को जरा भी प्रभावित नहीं होने दिया। बहरहाल, देखा जाये तो लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले तक माना जाता था कि देश में मोदी के बराबर का कोई नेता नहीं है लेकिन विपक्ष के तमाम नेताओं को जनता ने जो ताकत दी है उससे मोदी के आसपास अब कई नेता खड़े हो गये हैं। नई संसद में जो दलीय स्थिति बनी है और स्पष्ट बहुमत की बजाय गठबंधन सरकार की जो नौबत आई है उसको देखते हुए मोदी की चुनौतियां तो बढ़ गयी हैं लेकिन मोदी चुनौतियों को चुनौती देकर मंजिल पर समय से पहले पहुँचने वाले नेता हैं यह बात सबको याद रखनी चाहिए।

# दुर्ग से बाहर चुनाव लड़ने वाले दिग्गज हार गए

## इनमें भाजपा-कांग्रेस के 4 नेता, पूर्व सीएम, पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद भी नहीं जीते

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। प्रदेश की 11 सीटों में से सिर्फ1 ही कांग्रेस के हिस्से में आई है। दुर्ग जिले के बाहर जाकर दूसरी लोकसभा सीटों से दावेदारी कर सभी दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा है।

इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और विधायक देवेंद्र यादव तीनों कांग्रेस के ही नेता हैं। वहीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को भी हार का मुंह देखना पड़ा है। पार्टी ने उन्हें कोरबा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था।

प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक ही जिले के चार बड़े नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए दूसरे जिलों में भेजा गया। इनमें से कांग्रेस ने अपने 3 बड़े नेताओं पूर्व ब्ड भूपेश बघेल को राजनांदगांव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद और विधायक देवेंद्र यादव को






बिलासपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था।

सभी प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। वोटरों को भरोसा दिलाया कि वो उनके क्षेत्र का विकास करेंगे, लेकिन जनता उन पर विश्वास नहीं जता पाई। जनता ने उन्हें बाहरी प्रत्याशी बताते हुए नकार दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार में इतने उलझ गए कि दुर्ग की सुध ही नहीं ली और उसे भी नहीं जीत सके। जब देर शाम तक नतीजे सामने आए, तो सभी को हार का सामना करना पड़ा।

**जनता ने किसी को नहीं किया स्वीकार:** राजनांदगांव से भूपेश बघेल को भाजपा के संतोष पांडेय से 44411 मतों से हार का सामना करना पड़ा। संतोष पांडेय को जहां 712057 मत मिले तो वहीं भूपेश बघेल को 667646 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

इसी तरह महासमुंद लोकसभा सीट पर ताम्रध्वज साहू को भाजपा की रूपकुमारी चौधरी ने 1 लाख 45 हजार 456 मतों से मात दी। रूपकुमारी चौधरी को जहां 7 लाख 3 हजार 659 मत मिले, वहीं ताम्रध्वज साहू को 5 लाख 58 हजार 203 वोट मिले।

यही हाल कांग्रेस से भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का रहा। देवेंद्र यादव को शुरुआत से ही बिलासपुर में ही अपनी पार्टी के लोगों से विरोध का सामना करना पड़ा। मान-मनौवल के बाद समीकरण बना तो जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। देवेंद्र को भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने 1 लाख 62 हजार 828 मतों से हराया। तोखन साहू को 7 लाख 20 हजार 977 और देवेंद्र को 5 लाख 58 हजार 149 वोट मिले।

कोरबा से दुर्ग की पूर्व सांसद सरोज पांडेय ने दावेदारी की थी। उन्होंने काफी अच्छा चुनाव लड़ा, लेकिन कोरबा की जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। सरोज पांडेय को कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने 43283 मतों से हरा दिया। ज्योत्सना महंत को 5 लाख 70 हजार 182 और सरोज पांडेय को 5 लाख 26 हजार 899 मत मिले।

**बाहर से दावेदारी के चलते बुरे फंसे राजेंद्र साहू:** कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और विधायक देवेंद्र यादव ने दूसरी लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा और हार गए। इन दिग्गजों के बाहर से दावेदारी करने के चलते दुर्ग से चुनाव लड़े कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू बुरी तरह फंस गए।

तीनों ही प्रत्याशी अपने समर्थकों और कर्मठ कार्यकर्ताओं को लेकर अपनी दावेदारी वाली लोकसभा सीट में डट गए। ऐसे में राजेंद्र साहू यहां अकेले पड़ गए। उन्होंने पूरी ताकत से चुनाव तो लड़ा, लेकिन भाजपा की आंधी का सामना नहीं कर पाए और विजय बघेल ने उन्हें 4 लाख से अधिक मतों से हरा दिया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कों मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डिवाइडर से टकराकर 2 फाड़ हुआ ट्रेलर

### पुणे से ट्रांसफार्मर लेकर जा रहा था कोलकाता, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में 18 चक्का ट्रेलर डिवाइडर से जाकर टकरा गया। टकराने के बाद केबिन और ट्रेलर का पिछला हिस्सा बीच से 2 भागों में बंट गया। ये ट्रेलर ट्रांसफार्मर लेकर पुणे से कोलकाता जा रहा था।

इस दौरान रायपुर के रिंग रोड पहुंचते ही ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे ये हादसा हुआ है। घटना में ड्राइवर को भी चोंटे आई है।

बताया जा रहा है कि ये हादसा सुबह 5 बजे के करीब हुआ। ट्रेलर महाराष्ट्र पुणे से कोलकाता जा रहा था। गाड़ी में कई टन वजनी ट्रांसफार्मर लोड थे। जब गाड़ी रायपुर के राजेंद्र नगर थाना इलाके के अशोका मिलेनियम प्लाजा के पास पहुंची, तभी अचानक ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई, जिससे ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में मौजूद डिवाइडर में जाकर चढ़ गई।

**ट्रांसफार्मर सड़क पर बिखरे:** हादसे के बाद ट्रेलर 2 भागों में अलग हो गया। केबिन और पिछला हिस्सा बीच से टूट गया। ट्रेलर में लोड ट्रांसफार्मर सड़क पर बिखर गए, जिससे सड़क में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। इस घटना में ड्राइवर के सिर और शरीर में कई जगह चोंटे आई हैं। हालांकि ट्रक ड्राइवर का नाम फिलहाल सामने नहीं आ पाया है।

**बड़ा हादसा टला:** हादसा सुबह के वक्त हुआ। इस समय सड़क पर भीड़ नहीं थी। कई टन वजनी ट्रांसफार्मर सड़क में गिरने के दौरान वहां पर कोई दूसरा गाड़ी वाला नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि ट्रांसफार्मर सड़क पर गिरने के बाद कई घंटे तक वहां पर पड़ा रहा, जिससे ट्रैफिक जाम रहा।

## हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में युवक को हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने उसे डेटा एंट्री ऑपरेटर बनाने के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति आदेश थमा दिया। जब युवक लेटर लेकर हाईकोर्ट पहुंचा, तब इसका पता चला। युवक ने अपने दोस्त और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, सक्ती जिले के बाराद्वार क्षेत्र के ग्राम भुरसीडीह निवासी कैलाश राठौर डेटा एंट्री ऑपरेटर की ट्रेनिंग करने के बाद भिलाई स्टील प्लांट में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। इसी दौरान सितंबर 2023 में चांपा निवासी उसके बचपन के दोस्त अमर सिंह धनवार के साथ उसने हाईकोर्ट में डेटा एंट्री ऑपरेशन के लिए ऑफलाइन फॉर्म जमा किया था।

# एक हजार रुपये के लिए दोस्त का कत्ल

## सरगुजा में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक का गला दबाया,पार्क में मिला था शव

**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा निप्र।** सरगुजा जिले में शराब पीने के लिए रूपये नहीं देने पर युवक ने दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों ने घटना के पूर्व साथ बैठकर शराब पी थी। हत्या के बाद आरोपी मृतक की जेब से एक हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को शव मिलने के कुछ घंटे बाद ही हिरासत में ले लिया। घटना लखनपुर थानाक्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाइवे 130, अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्यमार्ग में लखनपुर के तालाब के पास बने पुष्पवाटिका में सुबह युवक का शव पड़ा मिला। युवक की शिनाख्त रजपुरी निवासी रामनारायण गोंड़ (32) के रूप में की गई है। लखनपुर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की। युवक




के गले एवं चेहरे में निशान होने के कारण उसकी गला दबाकर हत्या करने की आशंका होने पर फरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

**संदिग्ध ने पूछताछ में कबूला गुनाह:** मामले का खुलासा करते हुए सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ने बताया कि लखनपुर पुलिस ने पूछताछ की तो मृतक के भाई शिवनारायण सिंह ने बताया कि वह शाम को घर से निकला था एवं वापस नहीं लौटा। आसपास के लोगों ने बताया कि वह शाम को गांव के सुशील दास के साथ देखा गया था। पुलिस ने सुशील दास (38) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

आरोपी सुशील दास ने बताया कि 03 जून की देर शाम रामनारायण गोड़ उसे भट्टी रोड लखनपुर में मिला। दोनों ने पुष्पवाटिका पहुंचकर एक साथ शराब पी। रामनारायण गोंड़ अपने पास एक हजार रुपये नगद रखा था। आरोपी ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उसने पैसे नहीं दिए तो दोनों के बीच विवाद हो गया।

**डंडे से गला घोंटकर हत्या:** आरोपी सुशील दास ने बताया कि उसने पुष्पवाटिका से एक पौधे का डंडा तोड़ा एवं उससे रामनारायण गोंड़ का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके पाकेट से एक हजार रुपये नगदी निकालकर वह फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर मनोज प्रजापति, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, एसआई एलआर चौहान, एएसआई विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, रवि सिंह व आरक्षकों की टीम शामिल रही।

# प्रेमी-प्रेमिका की फंदे पर लटकती मिली लाश

## अपनी गर्लफ्रेंड के किराए के मकान में पहुंचा था युवक, मालकिन ने देखा शव

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बुधवार को किराए के मकान में प्रेमी-प्रेमिका की लाश मिली है। दोनों अलग-अलग समाज के थे। आशंका जताई जा रही है कि, शादी नहीं हो पाने के कारण उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कंची निवासी राजेंद्र साहू और पत्नी भुवनेश्वरी साहू गांव से आकर बलौदाबाजार के नए बस स्टैंड के पीछे किराए के मकान में पिछले 6 महीने से रह रहे हैं। उनकी बेटी प्रमिला



साहू (17) ने कक्षा 12वीं की परीक्षा पास की है। उसका हमेश निषाद (21) निवासी ग्राम कुकुरदी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

**फंदे पर लटकती मिली लाश:** हर दिन की तरह माता-पिता मजदूरी करने के लिए चले गए। बेटी घर पर अकेली थी। उससे मिलने के लिए प्रेमी पहुंचा था। इसी बीच दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की का शव गले में चुनरी लगा कुर्सी पर बैठे हुए अवस्था में मिला है। जबकि युवक की लाश उसके सामने लटकती मिली है।

**परिजन खाना खाने आए, तब पता चला:** युवती की मां भुवनेश्वरी साहू ने बताया कि, सुबह 9 बजे वो पति के साथ दुर्गा मंदिर में चौकीदारी का काम करने निकल गए। प्रमिला साहू घर पर अकेली थी, जब हम दोपहर में खाना खाने घर आए तो दरवाजा नहीं खोला गया, फिर हम लोगों ने छत से सीडी लगाकर नीचे देखा, तो फांसी पर लटकी मिली।

**मकान मालकिन ने दी पुलिस को सूचना:** मकान मालकिन शारदा सोनी ने इन दोनों की लाश रूम के अंदर फंदे पर लटकते देखा। उन्होंने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया है। परिजनों से बयान लिए जा रहे हैं।

**पुलिस बोली- प्रेम-प्रसंग का लग रहा मामला:** सिटी कोतवाली टीआई अजय झा का कहना है कि, पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की असल वजह साफहो पाएगी। पहली नजर में मामला प्रेम-प्रसंग का लग रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 30 प्रतिशत ज्यादा प्रदूषण सोखता शहर में बना मिनी जंगल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के युवाओं ने शहर में ही एक मिनी जंगल तैयार कर दिया है। इसे जापान कर मियावाकी तकनीक से गांधी उद्यान में बनाया गया है। यह करीब 7500 वर्ग फीट में फैला हुआ है। खास बात यह है कि मियावाकी जंगल अन्य रोपण के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा कार्बन डाई ऑक्साइड को सोखता है।

दरअसल, बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए युवाओं ने इस तकनीक का इस्तेमाल किया। सितंबर 2023 में यंग इंडिया संस्था ने मियावाकी फॉरेस्ट के लिए पौधे लगाए गए थे, जो एक साल से भी कम समय में घने जंगल में बदल गए हैं।

## हाथी के हमले से बालक की मौत

### रायगढ़ में हाथी दल से हुआ सामना, गांव में वन विभाग ने कराई थी मुनादी



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** रायगढ़ जिले के खरसिया वन परिक्षेत्र में हाथी ने 17 साल के एक बालक पर हमला कर दिया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना पर वन विभाग ने शव का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि बरबौना गांव में हाथी दल को लेकर मुनादी कराई गई थी और ग्रामीणों को सर्तक रहने अलर्ट किया गया था।

जानकारी के मुताबिक, खरसिया रेंज के गुर्दा सर्किल अंर्तगत कुकरीचोली में रहने वाला लक्ष्मीनारायण (17) बुधवार की सुबह कुरकुट नदी के किनारे रेलवे लाइन के करीब किसी काम से गया था। तभी चार हाथियों के दल से उसका सामना हो गया और एक हाथी के हमले से बालक की मौके पर ही मौत हो गई।

**70 हाथियों का दल वापस लौटा:** बताया जा रहा है कि इससे पहले गुर्दा सर्किल क्षेत्र में 70 हाथियों के दल की मौजूदगी थी। यह दल वापस लौट गया है पर 4 हाथियों का दल यहां मौजूद था। इसमें नर, मादा के साथ शावक भी शामिल हैं और इसी दल से बालक का एकाएक सामना हो गया। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट किया था, इसके बावजूद बरबौना गांव से कुछ दूरी में यह घटना घटित हो गई।

**हाथी के करीब नहीं जाने की अपील:** डीएफओ स्टायलो मंडावी ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र में कोई जनहानि जैसी घटना न हो इसके लिए लगातार मुनादी कराई जाती है। डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि हाथी के करीब नहीं जाए और किसी तरह की उनसे छेड़छाड़ नहीं किया जाए। उनका कहना है कि विभाग हाथी दल पर लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ में 5 दिन तापमान में बदलाव नहीं

## रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में तेज धूप, 7 जून को दस्तक दे सकता है मानसून

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** नौतपा खत्म होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में लोगों को दोपहर की गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। प्रदेश के कई जिलों में शाम का मौसम बदलने के बाद पारा लुढ़का है, लेकिन सुबह से शाम तक की धूप अब भी परेशान कर रही है। रायपुर और दुर्ग में सुबह से छाए बादल, समय बढ़ने के साथ ही गायब हो गए और तेज धूप चमकने लगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। मानसून आने के बाद ही राहत मिलेगी। मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। बस्तर में प्री-मानसून की बारिश शुरू हो गई है। 7-8 जून तक मानसून के दक्षिण छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। दूसरी ओर मंगलवार को प्रदेश में सबसे गर्म मुंगेली जिला रहा।





यहां अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 21.8 डिग्री रहा।

**यहां हुई बारिश:** पिछले 24 घंटे के दौरान सूरजपुर जिले के भैयाथान में सबसे ज्यादा 30 मिमी बारिश हुई। पाली, तमनार में 20 और कोटा में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सरगुजा के उदयपुर, कुनकुरी, जशपुर नगर, लखनपुर, बिलासपुर के पेंड्रा, मरवाही में भी हल्की बारिश हुई। प्रमुख शहरों में अंबिकापुर में 8 और पेंड्रारोड में तीन मिमी बारिश हुई।

**ऐसा रहा मौसम:** मंगलवार को रायपुर में बारिश नहीं हुई, लेकिन तेज हवा और बादलों के कारण तापमान काफी गिर गया। लेकिन सुबह के समय तेज धूप ने लोगों को परेशान किया लेकिन रात को मौसम ठंडा रहा। रायपुर में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 0.2 डिग्री कम है। सुबह हवा में नमी 56 फीसदी थी, जो शाम तक 32 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई।

**दिन के तापमान में गिरावट:** मंगलवार को रायपुर के अलावा बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और जगदलपुर में भी दिन का तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। सभी जगहों पर पारा 36 से 40 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान मुंगेली में 43.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान भी अब कम हो गया है। बारिश के बाद अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे चला गया। बिलासपुर में तापमान 43 डिग्री रहा । दुर्ग में तापमान 41.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं सरगुजा में तापमान 39 डिग्री पहुंच गया सभी जगह पारा सामान्य से कम रहा।

**5 दिन अधिकतम तापमान में बदलाव नहीं:** मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अधिकतम तापमान में अगले 5 दिनों तक कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं। इस दौरान कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी होगी, और तेज धूप और गर्मी से ज्यादा राहत मिलेगी।

## अलमारी को घर से दूर लेजाकर चोरी

**कोरबा एजेंसी।** कोरबा के पसान क्षेत्र में मिठाई व्यवसायी के घर चोरी की घटना सामने आई है। चोर मिठाई व्यवसायी गौरव गुप्ता के घर में सेंधमारी कर अंदर घुसे फिर अलमारी को अपने साथ काफी दूर ले गए, जहां उसे तोड़कर साढ़े तीन लाख रुपए कैश और सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पसान थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिठाई व्यवसायी गौरव गुप्ता ने बताया कि मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद पति-पत्नी बच्चे समेत उसकी बहन कमरे में सभी सोने चले गए। जिस रूम में चोरी हुई वह रूम बाहर से बंद था। सुबह उठने पर उन्हें चोरी की जानकारी मिली। व्यवसायी अपनी बहन की शादी की तैयारी में जुटा हुआ था, जिसके लिए वह सोना-चांदी की जेवरात खरीद कर रखा हुआ था।

# फिलीपींस में ज्वालामुखी फटा, स्कूल-कॉलेज बंद



## 5 किमी ऊंचाई तक उठ रहा राख का गुबार; 32 फ्लाइट कैंसिल की गईं

**फिलीपींस (एजेंसी)।** फिलीपींस के माउंट कनलाओं में सोमवार (3 जून) को ज्वालामुखी विस्फोट हो गया। न्यूज एजेंसी-स्नक्क के मुताबिक, ज्वालामुखी नेग्रोस आइलैंड पर है। विस्फोट के बाद आसमान में पांच किलोमीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। वहां अभी भी लगातार ज्वालामुखी का मलबा ओर गर्म राख निकल रही है।

सुरक्षा अधिकारियों ने लोगों को वहां से निकालना शुरू कर दिया है। नेग्रोस के गवर्नर जोस लैक्स के मुताबिक लोगों को वहां से हटाकर ऑक्सिडेंटल प्रांत ले जाया जा रहा है, जहां अब तक 700 से ज्यादा लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

फिलीपींस की सरकार ने लोगों से ज्वालामुखी वाले क्षेत्र में जाने से मना किया है। सरकार ने इलाके में सल्फ्यूरिक गैस फैलने की चेतावनी जारी की है। सल्फ्यूरिक गैस से स्किन एलर्जी और सांस लेने में परेशानी होती है।

# चुनाव नतीजों पर मोदी को 50 वर्ल्ड लीडर्स ने दी बधाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित हो गए हैं। भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर पाई। चुनाव से पहले ही विदेश दौरों को स्वीकार करने वाले नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए दूसरी पार्टियों पर निर्भर हैं। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बन सकते हैं। अगर वे एक बार फिर से पीएम बनते हैं तो वे जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे पीएम होंगे। मोदी को दुनिया भर से बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। अब तक 50 से ज्यादा वर्ल्ड लीडर्स सोशल मीडिया और लेटर्स के जरिए मोदी को बधाई दे चुके हैं। इनमें बांग्लादेश की क्क्रूशेख हसीना से लेकर साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल तक शामिल हैं। जानिए किसने क्या कहा...

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत में हुए चुनावों की सहराना की है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि एनडीए को



भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर बधाई। मैं भारत के लोगों के लिए शांति, समृद्धि की कामना करता हूं। भारत-यूक्रेन एक जैसे मूल्य और इतिहास साझा करते है। हमारी पार्टनरशिप लगातार बढ़ती रहे, जिससे दोनों देशों के बीच प्रगति और आपसी समझ बढ़े। दुनिया में हर कोई वैश्विक मामलों में भारत की अहमियत जानता है। हम उम्मीद करते है कि भारत स्विट्जरलैंड में होने वाले पीस समिट में जरूर हिस्सा लेगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति नरेंद्र मोदी ने भी पीएम मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा- भारत में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव संपन्न हुआ है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई! मेरे प्रिय दोस्त। हम साथ मिलकर भारत और फ्रांस को एकजुट करने वाली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना जारी रखेंगे।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन दोनों देशों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने प्रधानमंत्री मोदी को जीत पर बधाई दी है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा भारत-ताइवान आपसी साझेदारी, व्यापार, टेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि इंडो पैसिफिक में शांति बन सके।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर बधाई दी। दहल ने एक पोस्ट कर लिखा कि हृछ को दुनिया में सबसे बड़े चुनाव में तीसरी बार जीत के लिए बधाई। मोदी की जीत से भारत नई ऊंचाई छुएगा। हम उनके साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करेंगे।

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए जीत पर बधाई दी है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मोदी को शुभकामनाएं दी है।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार (5 मई) को अरविंद केजरीवाल की ज्यूडिशियल कस्टडी 19 जून तक बढ़ा दी। केजरीवाल को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। कोर्ट ने केजरीवाल की मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन की जमानत की मांग वाली अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि केजरीवाल के जरूरी मेडिकल टेस्ट कराएं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1 जून की हुई सुनवाई में केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 जून के लिए सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया था। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। जमानत पर 21 दिन बाहर रहने के बाद 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही 5 जून तक की ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। एजेंसी ने केजरीवाल की कस्टडी के लिए आवेदन दायर किया था, लेकिन दिल्ली सीएम के अंतरिम जमानत पर होने के चलते आवेदन पेंडिंग था। ईडी ने कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबाया है और अपनी सेहत को लेकर झूठे बयान दिए हैं। उनका वजन 1 किलो बढ़ गया है, लेकिन वे झूठा दावा कर रहे हैं कि उनका वजन 7 किलो कम हो गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा था कि केजरीवाल ने 31 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भ्रामक दावा भी किया कि वह 2 जून को सरेंडर करने जा रहे हैं। हालांकि कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने कहा कि वे बीमार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है।

# बिहार और देश की जनता ने मोदी जी को आईना दिखाने का किया काम-अखिलेश सिंह

पटना। लोकसभा चुनव के नतीजों के बाद बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज सदाकत आश्रम में प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता ने मोदी जी को आईना दिखाने का काम किया है। जनता ने बता दिया कि सिर्फ भाषण से काम चलने वाला नहीं है। अखिलेश सिंह ने कहा कि कुछ गड़बड़ियां हमारे दल के नेताओं ने की हैं। पार्टी के कुछ नेताओं ने काम ठीक ढंग से नहीं किया हैं और दूसरी पार्टी की मदद की है। हम उसकी भी जांच कर रहे हैं। जो लोग भी गड़बड़ किए हैं, उनको मैं कहना चाहता हूं कि वैसे लोगों की पार्टी में कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन पार्टी में रहकर इधर-उधर करें यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अखिलेश सिंह ने राजद, वाम दल और भाकपा माले नेताओं व कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार एनडीए को झटका लगा है। वहीं, इंडी गठबंधन के लिए राहत वाली खबर है। इस बार विपक्षी गठबंधन के खाते में नौ सीटें आई हैं, जबकि एनडीए 30 सीटों पर सिमट गई। 2019 के चुनाव में भाजपा-जेडीयू- लोजपा 39 सीटें जीती थी। तब विपक्षी दल कांग्रेस को एक सीट और राजद का पूरी तरह से सफाया हो गया था। इस बार भाजपा-जेडीयू को 12-12 , लोजपा-5 और हम-1 सीटें मिली हैं।

# डेमोक्रेसी को 'डेमो-कुर्सी बनाना चाहते हैं नरेंद्र मोदी-कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे के बाद उन पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि देश ने मोदी के खिलाफ जनादेश दिया, लेकिन वह 'डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) को 'डेमो-कुर्सी बनाना चाहते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 1962 के बाद किसी सरकार के तीसरी बार सत्ता में लौटने के प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी लेकर भी उन पर कटाक्ष किया और कहा कि पंडित जवाहरलान नेहरू 1952 में 364 सीटों के साथ, 1957 में 371 सीटों के साथ और 1962 में 361 सीटों के साथ प्रधानमंत्री चुने गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दिया, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया और उनसे नयी सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहने को कहा। रमेश ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''निवर्तमान प्रधानमंत्री अब कार्यवाहक प्रधानमंत्री बन चुके हैं। देश ने इनके ख़िलाफ़ प्रचंड जनादेश दिया है। लेकिन ये डेमोक्रेसी को 'डेमो-कुर्सी बनाना चाहते हैं।

कार्यवाहक प्रधानमंत्री अपना सिकुड़ा हुआ सीना ठोक कर बोल रहे हैं कि 1962 के बाद से कोई सरकार लगातार तीन बार नहीं चुनी गई है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''कार्यवाहक प्रधानमंत्री अपनी सिकुड़ी हुई छाती ठोक रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि 1962 के बाद से कोई भी सरकार लगातार तीन बार दोबारा नहीं चुनी गई है।

इतिहास जिसे 'मास्टर डिस्टॉर्टियन% भी दोबारा नहीं लिख सकते, वह यह है कि नेहरू 1952 में 364 सीटों के साथ, 1957 में 371 सीटों के साथ और 1962 में 361 सीटों के साथ प्रधानमंत्री चुने गए थे। रमेश ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी को 2024 में 240 सीटें मिली हैं। यह उनके खिलाफ एक बड़ा जनादेश है। लेकिन वह इस जनादेश को बर्बाद करने पर आमादा हैं।

# अब संसद में एक साथ दिखेंगे कंगना-चिराग

पटना: बिहार लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा-आर) के प्रत्याशी ने अपनी सभी 5 सीटों पर जीत का परचम लहराया। इसी बीच अब चिराग पासवान का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कंगना रनौत के साथ संसद में दिखने की बात कही थी। दरअसल, चिराग पासवान ने 13 साल पहले बॉलीवुड में कंगना रनौत के साथ एक फिल्म में डेब्यू किया था। फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई थी, जिसके बाद चिराग ने राजनीति से अपने करियर की शुरुआत की। वहीं लोकसभा

# लोकसभा चुनाव के नतीजे दिखाते हैं कि भाजपा को हराया जा सकता है-उद्धव ठाकरे

नई दिल्ली। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को चुनाव जीतने वाले अपनी पार्टी के उम्मीदवारों से मुलाकात करने पर कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों ने दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराया जा सकता है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने चुनाव नतीजों की घोषणा के एक दिन बाद बुधवार को यहां अपने आवास पर शिवसेना (यूबीटी) के विजयी उम्मीदवारों राजाभाऊ प्रकाश वाजे



(नासिक सीट) और संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व सीट) से मुलाकात की। उद्धव ठाकरे ने कहा, ''चुनावों ने दिखा दिया है कि भाजपा को हराया जा सकता है। यह भ्रम (कि उसे हराया नहीं जा सकता है) टूट गया है। ठाकरे ने मंगलवार को मुंबई दक्षिण सीट से अपनी पार्टी के विजयी उम्मीदवार अरविंद सावंत और मुंबई दक्षिण मध्य सीट से विजेता अनिल देसाई से मुलाकात की। लोकसभा की 543 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीती है और वह बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गयी है। भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार है।

शिवसेना (यूबीटी) ने

# चुनाव परिणाम भाजपा के लिए बड़ा झटका, लोगों ने भगवा पार्टी के प्रचार को खारिज कर दिया- विजयन

केरल। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को कथित रूप से नष्ट करने के भाजपा के प्रयासों के लिए 2024 का परिणाम एक बड़ा झटका है। उन्होंने दावा किया कि परिणाम ये संकेत देते हैं कि भगवा पार्टी के पक्ष में किए गए प्रचार को लोगों ने खारिज कर दिया है। चुनाव परिणाम को लेकर विजयन ने कहा कि लोगों को बांटने के लिए सांप्रदायिकता का इस्तेमाल कर आसानी से आगे बढ़ जाने के भाजपा के भ्रम को देश की जनता ने तोड़ दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि त्रिशूर सीट पर भारतीय जनता पार्टी की जीत को काफी गंभीरता से देखा जा रहा है और इसका %गहन मूल्यांकन% किया जाएगा। केरल के चुनावी परिणामों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीफ) की जीत वैसी नहीं रही, जैसी उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार के परिणाम भी साल 2019 के लोकसभा चुनावों के परिणाम जैसे ही हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में एलडीफ ने सिर्फ अलप्पुझा में जीत हासिल की थी।

# राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है, प्रियंका गांधी ने अपने भाई के लिए लिखा भावुक नोट

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को अपने भाई राहुल गांधी के लिए एक भावुक नोट लिखा। उन्होंने कहा कि जो इस समय सभी मुश्किलों का बहादुरी से सामना करने और मजबूती से खड़े रहने वाले व्यक्ति हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर कहा, आप हमेशा खड़े रहे, चाहे उन्होंने आपके साथ कुछ भी कहा या किया हो? आप कभी पीछे नहीं हटे, चाहे वे आपकी आस्था पर कितना भी संदेह करें, आपने कभी



भी सच्चाई के लिए लड़ना बंद नहीं किया, भले ही उन्होंने झूठ का इतना प्रचार किया हो, और आपने कभी भी क्रोध और नफरत को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, भले ही वे आपको हर दिन उपहार में देते रहे हों। घृणा का प्रेम और दया से सामना करने के लिए अपने भाई की प्रशंसा करते हुए प्रियंका ने कहा, आपने अपने दिल में प्रेम, सच्चाई और दया के साथ लड़ाई लड़ी। जो लोग आपको नहीं देख पाए, वे अब आपको देख सकते हैं, लेकिन हममें से कुछ लोगों ने हमेशा आपको सबसे बहादुर के रूप में देखा और जाना है। उन्होंने लिखा, राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है।

इस पोस्ट को तीन घंटे के भीतर

# छत्तीसगढ़-एक इनामी समेत 9 नक्सली गिरफ्तार

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से डीआरजी के बल को रवाना किया गया था और जब यह दल सोमनपल्ली और बंदेपारा जाने वाली सड़क पर था तब बारूदी सुरंग लगाने की कोशिश कर रहे चार नक्सलियों को वहां से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सलियों से विस्फोटक, पिट्ठू और अन्य सामान बरामद किये गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में कुपरेल और मंडेम गांवों के करीब से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया

# भाजपा भगवान राम की पुजारी नहीं व्यापारी है, अयोध्या में हार के लिए कांग्रेस का भाजपा पर निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फैजाबाद, जहां अयोध्या राम मंदिर स्थित है, से भाजपा उम्मीदवार की हार की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि पार्टी भगवान राम की पुजारी नहीं बल्कि व्यापारी है। प्रमोद तिवारी ने एएनआई से कहा, अयोध्या को सबसे ज़्यादा समय दिया गया और इसे (बीजेपी द्वारा) सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया गया, लेकिन पीएम मोदी वहां (फैजाबाद) से अपने उम्मीदवार को नहीं जिता पाए। बीजेपी भगवान राम की व्यापारी है, पुजारी नहीं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी उम्मीदवार लल्लू सिंह समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद से हार गए। प्रसाद को बीजेपी उम्मीदवार से 54,567 ज़्यादा वोट मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत



बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने अपने चुनावी भाषणों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का ज़िक्र किया और विपक्षी नेताओं पर इसमें शामिल न होने के लिए हमला बोला।उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण समारोह में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए प्रमोद तिवारी ने यह भी कहा कि एनडीए के अन्य दलों के उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के कारण नहीं जीते हैं। तिवारी ने कहा, वे (एनडीए) 303 सीटों से 240 सीटों पर आ गए। एनडीए ने मोदी जी की वजह से सीटें नहीं जीतीं

, बल्कि एनडीए की वजह से बीजेपी ने सीटें जीतीं। राम मंदिर मुद्दे ने भाजपा को युद्ध के मैदान उत्तर प्रदेश में राजनीतिक लाभ नहीं दिया, जहां 2019 में 62 सीटों से 2024 के चुनाव में इसकी संख्या घटकर 35 हो गई, जबकि इंडिया गठबंधन ने 44 सीटें जीतीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस जीत को इंडिया गठबंधन की जनता द्वारा पसंद की गई जीत बताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के लोगों के नाम एक नोट लिखा।

# उत्तरकाशी में ठंड से पांच ट्रैकर्स की मौत

**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 4400 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर गए 22 सदस्यों के दल में से 5 सदस्यों की ठंड से मौत हो गई। दल के 13 सदस्यों को रेस्क्यू किया गया है। फंसे हुए 4 ट्रैकर्स के लिए रेस्क्यू जारी है, लेकिन मौसम खराब होने से ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। दल में 18 ट्रैकर्स कर्नाटक, एक महाराष्ट्र और बाकी के तीन लोकल गाइड हैं। घटना में मरने वाले 5 लोगों के शव भी रेस्क्यू के बाद नटीन हेलीपेड लाए गए, जिन लोगों को सुरक्षित निकाला गया है उनमें से 8 को हेलिकॉप्टर के जरिए देहरादून के अस्पताल में भेजा गया है। साथ ही 3 लोगों को नटिन भटवाड़ी के अस्पताल में एडमिट कराया गया है। 2 लोगों की हालत स्थिर है। उत्तरकाशी के एसपी अर्पण



यदुवंशी ने बताया कि ट्रैकिंग एसोसिएशन ने ग्रुप के सहस्त्रताल में फंसने की जानकारी 4 जून की शाम को दी थी। इसके बाद से ही रेस्क्यू जारी है। इसमें एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग, एयरफोर्स, आपदा प्रबंधन की टीम और सिल्ला गांव के लोग शामिल हैं। टिहरी जिले से भी पुलिस और वन विभाग का दल घटनास्थल के लिए भेजा गया है। एमआई-17 हेलीकॉप्टर के साथ एक टीम को बैकअप में रखा गया है।

# डिप्टी सीएम पद छोड़ने की पेशकश

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में केवल 9 हाथ आईं। पिछली बार 2019 में पार्टी के हिस्से 23 सीटें आईं थीं। वहीं, उनकी सहयोगी पार्टी शिवसेना (शिंदे) को 7 सीटें और एनसीपी (अजित) के हिस्से 1 सीट आई। बुधवार (5 जून) को राज्य के डिप्टी सीएम भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में हमें जो भी नुकसान हुआ, मैं उसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। इसलिए मैं शीर्ष नेतृत्व से आग्रह करता हूं कि मुझे मंत्री पद से मुक्त किया जाए, क्योंकि मुझे पार्टी के लिए काम करने और राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अपना समय देने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ सीटों पर



किसानों के मुद्दों ने प्रमुख भूमिका निभाई। साथ ही संविधान में बदलाव किए जाने के झूठे प्रचार ने कुछ मतदाताओं को प्रभावित किया। मुसलमानों और मराठा आंदोलन का भी वोटों पर असर पड़ा। संविधान बदलने का दुष्प्रचार इंडिया ने ही फैलाया फडणवीस ने यह भी कहा कि भाजपा ने अकेले ही इंडिया ब्लॉक से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। संविधान बदलने का दुष्प्रचार इंडिया ने ही फैलाया था। हमें इस पर लगाम लगाने की जरूरत थी, जो हम नहीं कर पाए। मैं देश की जनता का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का मौका दिया। एनडीए ने ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी अच्छा प्रदर्शन किया। मैं इसके लिए लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के खुद को डिप्टी सीएम के पद से हटाए जाने के बयान पर कहा कि चुनावी हार सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि तीनों पार्टियों ने चुनाव में मिलकर काम किया था। वोट शेयर देखें तो मुंबई में महायुती को दो लाख से ज्यादा वोट मिले।

शिंदे ने आगे कहा कि हार के कारणों की ईमानदारी से समीक्षा की जाएगी। पिछले दो सालों में सरकार ने राज्य में कई अच्छे फैसले लिए हैं। मैं जल्द ही देवेंद्र जी से बात करूंगा।

# दीपिका का लक्ष्य विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी 14 जून से तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा। दीपिका इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर करने के लिए विदेश में ट्रेनिंग कर रही हैं। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठायेगा। वहीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता को मंजूर कर लिया है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास की भी अनुमति दे दी गयी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के लिए विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की भी व्यवस्था की जाएगी। एथलीट एल्डोस पॉल और किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को भी सभी प्रकार की सहायता दी जाएगी।

# लक्ष्य सेन ने केंटा सुनेयामा को हराया, दूसरे दौर में की एंट्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा सुनेमाया को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले सेन का सामना अब इंडोनेशिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और जापान के केंटा निशिमोतो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लक्ष्य सेन ने 40 मिनट के भीतर सुनेया 21-12, 21-17 से जीत दर्ज की। भारत के किरण जॉर्ज को चीन के हॉग यांग वेंग के हाथों 21-11, 10-21, 20-22 से पराजय झेलनी पड़ी। मिक्स्ड डबल्स में भारत के बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने अमेरिका के विंसन चियू और जेनी गेई को 18-21, 21-16, 21-17 से हराया। वहीं अब उनका सामना टॉप वरीयता प्राप्त चीन के सि वेई झेंग और कियोंग हुआंग और इंडोनेशिया के रेहान नौफाल कुशारजांतो और लिसा आयु कुसुमवती के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा।

# सुनील छेत्री के लिए हम शत प्रतिशत से ज्यादा जोर लगाएंगे-सहल

**कोलकाता (एजेंसी)।** आक्रामक मिडफील्डर सहल अब्दुल समद ने मंगलवार को कहा कि भारतीय टीम को विश्वास है कि वह गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ सुनील छेत्री के विदाई मैच में '100 प्रतिशत से अधिक' दमखम लगायेगी। भारतीय टीम के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है क्योंकि कुवैत के खिलाफ जीत से उन्हें ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनाकर पहली बार विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने का मौका मिलेगा। सहल ने यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में टीम के अभ्यास सत्र के मौके पर मीडिया से कहा, '' हम मैच का इंतजार कर रहे हैं। हमें लगता है कि हम उसके लिए जी-जान लगा देंगे, जैसा कि हम हमेशा करते हैं। वह भी अपना 100 प्रतिशत देने के लिए तैयार है। हम शत प्रतिशत से अधिक जोर लगाना चाहेंगे।'' यह मैच भारत के फुटबॉल के सबसे बड़े खिलाड़ियों में से एक छेत्री का विदाई मैच होगा। अपने 19 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में छेत्री ने देश के लिए 150 मैचों में 94 गोल किये है। वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद तीसरे प्रमुख सक्रिय गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। सहल ने कहा, ''पहले दिन से ही वह (छेत्री) मेरी प्रेरणा रहे हैं। उनके साथ खेलना और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा रह है। इस 31 साल के खिलाड़ी ने भारतीय टीम के साथ अपने पदार्पण को याद करते हुए कहा, ''राष्ट्रीय टीम के साथ मेरे पहले दिन, उन्होंने मेरी पीठ पर हाथ रखा और कहा, 'यह एक ऐसी जर्सी है जिसे हर कोई पहनना चाहता है'।

# नीदरलैंड ने नेपाल को टी20 विश्व कप में छह विकेट से हराया

**डलास (एजेंसी)।** टिम प्रिंगल और लोगन वैन बीक की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मैक्स ओ'डाउड (नाबाद 54) की संयमित बल्लेबाजी से नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मंगलवार को यहां नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल की पारी को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेटने के बाद नीदरलैंड ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 109 रन बनाकर इस जीत से दो अंक हासिल किये। ओ'डाउड ने 48 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और एक छक्का लगाने के साथ एक छोर संभाले रखा। नेपाल के लिए सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह ऐरी और अविनाश बोहरा ने एक-एक विकेट लिये।



मैन ऑफ द मैच प्रिंगल ने 20 रन देकर तीन जबकि वैन बीक ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये। पॉल वैन मीकरेन और बास डलीडे को दो-दो सफलता मिली। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाये। उन्होंने 37 गेंद की पारी में पांच चौके लगाये। निचले क्रम में करण केसी (17) और गुलशन झा (14) ने दोहरे अंक में रन बनाकर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड को दूसरे ओवर में माइकल लेविट (एक) के आउट होने से झटका लगा। वह सोमपाल का शिकार बने। ओ'डाउड और विक्रमजीत सिंह (22) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में टीम के स्कोर को एक विकेट पर 36 रन तक पहुंचाया। दीपेंद्र ने नौवें ओवर में विक्रमजीत को पगबाधा कर दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी को तोड़ा। ओ'डाउड को इसके बाद साइब्रैंड एंगलब्रेक्त (14) का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 12वें ओवर में गुलशन के खिलाफ चौका लगाकर रन गति को तेज करने की कोशिश की लेकिन 14वें ओवर में रन आउट हो गये। बोहरा ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड को चलता कर नीदरलैंड पर एक बार फिर दबाव बना दिया। ओ'डाउड ने इस गेंदबाज के खिलाफ 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर 47 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। डलीडे ने इसी ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले प्रिंगल ने पारी के दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख (चार) को चलता किया। वैन बीक ने चौथे ओवर में अपनी पहली गेंद पर कुशल भुर्तेल (सात) को पगबाधा कर नेपाल को दूसरा झटका दिया।

कप्तान पौडेल और अनिल शाह ने तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों से जूझने की कोशिश की लेकिन प्रिंगल ने साह की 12 गेंद में 11 रन की पारी को वैन बीक के हाथों कैच कराकर खत्म किया। कुशल मल्ला (नौ) और दीपेंद्र (एक) के आउट होने से नेपाल ने 11वें ओवर में 53 रन पर पांच विकेट गंवा दिये। पौडेल ने इस बीच वैन बीक के खिलाफ दो शानदार चौके जड़े लेकिन मीकरेन ने सोमपाल को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। गुलशन ने प्रिंगल के खिलाफ 16वें ओवर में नेपाल की पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में प्रिंगल ने पौडेल को आउट कर नेपाल को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। करण ने वैन बीक और डलीडे के खिलाफ छक्के जड़ नेपाल के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया लेकिन टीम ने अगले चार गेंद में बाकी के तीन विकेट गंवा दिये।

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को लोकसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत, कांग्रेस के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी यूसुफ पठान ने सियासत की पिच पर अपने पहले प्रयास में ही जोरदार प्रदर्शन किया और बड़ी जीत दर्ज की। यूसुफ पठान लोकसभा चुनाव 2024 में तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पश्चिम बंगाल के बहरामपुर सीट से चुनाव लड़े थे। उनके सामने कांग्रेस के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी की बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को पार करते हुए इस सीट से बड़ी जीत दर्ज की। लोकसभा चुनाव 2024 में 41 साल के यूसुफ पठान को कुल 458831 मत पड़े जबकि उनके विरोधी व कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी को 389729 वोट पड़े। यूसुफ पहली बार इस चुनाव में खड़े हुए थे और उन्होंने अपने विरोधी नेता अधीर रंजन को 69102 मतों के अंतर से हरा दिया। क्रिकेट के मैदान पर सफलता हासिल करने के बाद यूसुफ पठान ने सियाची पिच पर भी अपने पहले प्रयास में ही जोरदार प्रदर्शन कर डाला और अपने पहले चुनाव में ही बड़ी जीत हासिल कर ली। यूसुफ पठान ने भारत के लिए 57 वनडे मैचों में 2 शतक लगाए थे और कुल 810 रन बनाए थे जबकि उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 123 रन था जबकि वनडे में उन्होंने इतने ही मैचों में भारत के लिए 33 विकेट भी हासिल किए थे। वहीं, टी20 मैचों में उन्होंने 236 रन बनाए थे। और 22 मैच खेले थे। टी20 में उन्होंने 236 रन बनाए थे और उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 37 रन था जबकि उनके नाम पर कुल 13 विकेट दर्ज हैं। उन्हें भारत के लिए टेस्ट फॉर्मेट में खेलने का मका नहीं मिला था। वो दाएं हाथ के बल्लेबाज थे साथ ऑफ ब्रेक गेंदबाजी भी करते थे। बता दें कि, कई क्रिकेटर इससे पहले भा लोकसभी चुनाव जीतकर संसद पहुंच चुके हैं। इनमें गौतम गंभीर, नवजोत सिंह सिद्धू, मोहम्मद अजहरुद्दी, कीर्ति आजाद, चेतन चौहान शामिल हैं। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से मैदान पर उतरे थे और जीते भी थे।

# आयरलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा पूरे कर लेंगे 600 छक्के

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम 5 जून यानी बुधवार से आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा की कोशिश होगी कि वह साल 2007 की सफलता को इस बार दोहराएंगे और टीम इंडिया को चैंपियन बनाएंगे। वहीं कप्तान रोहित के पास आयरलैंड के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी अपने नाम करने का मौका है। बता दें कि, रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक केले 472 मैचों में 597 छक्के लगाए हैं। आयरलैंड के खिलाफ 3 छक्के लगाते ही वो इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले वर्ल्ड के पहले बैट्समैन बन जाएंगे। रोहित शर्मा फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। दूसरे नंबर पर 553 छक्कों के साथ क्रिस गेल मौजूद हैं तो वहीं तीसरे नंबर पर वहीं शाहिद अफरीदी इस सूची में 476 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। टी 20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वेस्डइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम हैं। गेल ने 33 मैचों में 63 छक्के जड़े हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा आते हैं, जिन्होंने 39 मैचों में 35 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर जोस बटलर हैं जिन्होंने अब तक खेले गए 27 मैचों में 33 छक्के लगाए हैं।



# भारत के सभी मुकाबले इस चैनल पर फ्री में देख सकते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज हो चुका है, जहां अभी तक पांच मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस मेगा इवेंट में भारतीय टीम अपने अभिया का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी। इस बीच सोमवार को प्रसार भारती ने ये ऐलान किया है कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में भारत के सभी मैचों का प्रसारण करेगा। ऐसे में भारतीय फैंस फ्री में घर बैठे टीम इंडिया के वर्ल्ड कप के मैचों का लुत्फ उठा सकेंगे। दरअसल, प्रसार भारती ने सोमवार को घोषमा की है कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के मैच का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को मीडिया के साथ बातचीत के दौरान ये ऐलान किया। प्रसार भारती ने अपना स्पेशल एंथम जज्बा भी टी20 वर्ल्ड कप के लिए लॉन्च किया है। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण का भी ऐलान किया। इसके साथ ही वह 6 जुलाई से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण करेंगे। जिम्बाब्वे और बारत के बीच टी20 वर्ल्ड कप के बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। इसके बाद 27 जुलाई के साथ अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की सीरीज का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा।

# भारत-पाक मुकाबले पर अफरीदी ने कहा, यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय 'सुपर बाउल' के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का मैच हमारे सुपर बाउल की तरह है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। जब मैं उन मुकाबलों में खेलता था, तो मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार और सम्मान मिलता था और यह दोनों टीमों के लिए बहुत मायने रखता है।'' इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, ''भारत के खिलाफ यह मौके के दबाव से निपटने के बारे में है। दोनों टीमों में बहुत प्रतिभा है, उन्हें बस उस दिन एकजुट होने की जरूरत है। इस मैच में और पूरे टूर्नामेंट में यही होगा। जो टीम अपना धैर्य बनाए रखेगी, वह जीतेगी।'' अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप के सह मेजबान हैं। सुपर आठ चरण और नॉकआउट मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अफरीदी ने कहा कि खेल के



सबसे छोटे प्रारूप में प्रबल दावेदार का चयन करना मुश्किल है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, ''टी20 क्रिकेट बहुत अप्रत्याशित है और टीमों की बल्लेबाज में अब बहुत गहराई है। आपका आठवें नंबर पर आने वाला बल्लेबाज 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर मैच जीत सकता है। मुझे उम्मीद है कि इस बार पाकिस्तान जीतेगा लेकिन प्रबल दावेदार चुनना मुश्किल है।'' टूर्नामेंट की पाकिस्तान की तैयारी काफी अच्छी नहीं रही। टीम इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला हार गई जबकि उसने आयरलैंड के खिलाफ भी मैच गंवाया। अफरीदी ने कहा, ''भले ही 2024 में उनके फॉर्म में निरंतरता की कमी हो लेकिन मेरा मानना ??है कि उनके पास वेस्टइंडीज और अमेरिका अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी चीजें हैं।'' उन्होंने कहा, ''कैरेबियाई परिस्थितियां निश्चित रूप से उनके अनुकूल होंगी। टीम में बहुत प्रतिभा है, विशेषकर जब आप गेंदबाजी आक्रमण को देखते हैं जिसे यहां सफल होना चाहिए।

# भारतीय टीम टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी -हरमनप्रीत

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है भारतीय टीम इस साल अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही कहा कि भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी अंतिम चार में पहुंचेंगी। महिला टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। हरमनप्रीत के अनुसार हाल के समय में उनकी टीम ने बांग्लादेश का दौर किया है और उस अनुभव का लाभ भी टीम को विश्वकप में मिलेगा। इसमें भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में शामिल किया गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें हैं। हरमनप्रीतम के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं क्योंकि इन सभी टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हरमनप्रीत ने कहा, 'क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं इसलिए उम्मीद है कि ये चारों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हराया था। हरमनप्रीत ने एक समारोह के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा जिसका मुकाबला करने के लिए हमारी टीम उत्साहित है क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमारा मनोबल बढ़ेगा इसलिए मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित हूं। हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान बांग्लादेश टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की सीरीज में शानदार जीत से टीम बेहतर हुई है।



# भारतीय टीम में संतुलन की कमी - स्टाइरिस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉट स्टाइरिस ने कहा है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप में उतरी भारतीय टीम काफी बेहतर और प्रतिभाशाली है पर उसे जीत के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करना पड़ेगा। स्टाइरिस के अनुसार भारतीय टीम में संतुलन की कमी है। स्टाइरिस ने टूर्नामेंट की अपनी पांच पसंदीदा टीमों की घोषणा करते हुए उनकी कमजोरियों को भी बताया है। स्टाइरिस ने कहा, मुझे लगता है कि अगर वे सभी टीमें अपनी फॉर्म में आ जाती हैं तो किसी भी समय संभवत: चार या शायद पांच पसंदीदा टीमें जीत की दावेदार होंगी। दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन काफी अच्छा है। इसके अलावा भारतीय टीम भी प्रतिभाशाली है पर उसका क्षेत्ररक्षण ठीक नहीं है। टीम का संतुलन भी एक समस्या है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी प्रबल दावेदार होंगी।

नमामि गंगे अभियान का हुआ शुभारंभ

# कलेक्टर ने जल संरचनाओं की साफ-सफाई में किया श्रमदान





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित करने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैहर जिले में जल संरक्षण-संवर्धन के विशेष अभियान नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मां शारदा मंदिर के समीप बनी प्राचीन बावड़ी साफ-सफाई कर किया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने बावड़ी की सीढ़ियों में जमा काई को फावड़े से हटाकर सफाई कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, सीएमओ लालजी ताम्रकार सहित आमजनों ने सफाई कार्य में सहयोग किया।

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जल संरचनाओं के महत्व समझाते हुये कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदान किये गये संसाधन मानवीय जीवन के लिये एक वरदान हैं। इसकों संरक्षित करने में ही मानव प्रजाति का भविष्य सुरक्षित है। जल स्त्रोतों का संरक्षण मानव जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होने कहा कि शासन द्वारा शुरु किया गया नमामि गंगे अभियान जल संवर्धन और संरक्षण दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये आमजन का भी सहयोग आवश्यक है। हम सभी को जल स्त्रोतों को सहेजने, उनकी साफ-सफाई और उनके आस-पास वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां जनभागीदारी से सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। प्रकृति की रक्षा करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।



**महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा:** राज्य शासन द्वारा शुरु किये गये नमामि गंगे अभियान की रुपरेखा के अनुसार अभियान के शुभारंभ अवसर पर मैहर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कलेक्टर मैहर रानी बाटड और सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने जल संरचनाओं एवं उसके पास स्थापित मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर अभियान में सहभागिता निभाई। इसी प्रकार आमजनों के बीच संगोष्ठी का आयोजन कर जल सरंक्षण और संवर्धन की जानकारी दी गई। इसके साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा जल संरचनाओं के निकट कलश यात्रा निकालकर अभियान की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया गया।

**तिलौरा में शामिल हुईं कलेक्टर:** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ग्राम तिलौरा में आयोजित नमामि गंगे अभियान के कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होने इमलिया तालाब की मेड़ पर पौधारोपण किया। साथ ही ग्रामीण जनों के बीच पहुंचकर नमामि गंगे अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि यह अभियान जनसहभागिता और जनभागीदारी का अभियान है। इसमें सभी के सहयोग से प्राकृतिक जल संरचनाओं के संरक्षण के लिये सामूहिक प्रयास किया जायेगा। सभी लोग अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, ईई आरईएस अश्वनी जायसवाल, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में हुई नमामि गंगे अभियान शुरुआत



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के साथ ही सतना जिले में सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस से नमामि गंगे अभियान का शुभारम्भ हो गया है। जो गंगा दशहरा 16 जून तक संचालित होगा। अभियान के पहले दिन जिलेभर में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये बुधवार को उचेहरा जनपद की ग्राम पंचायत ईटाहा खोखर्रा में जन भागीदारी से स्टॉप डैम का कार्य जल संरक्षण के लिये कराया गया। जिसमें जिला पंचायत सभापति ज्ञानेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि भागवेंद्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत प्रभा तेकाम सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जनपद कार्यालय के कर्मचारी, जन परिषद अभियान से एवं स्थानीय नागरिक अभियान में शामिल हुए।

## मैहर पुलिस ने पकड़े 3 बदमाश

मजदूर के साथ शराब के पैसों के लिए की थी मारपीट



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर पुलिस ने दहशत फैला कर लोगों से रुपए वसूलने वाले 3 अड़ीबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मैहर थाना पुलिस ने मारपीट कर रंगदारी वसूलने वाले तीन अड़ीबाजों को धतूरा और रूपगंज में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में इंद्रजीत पटेल (29) निवासी रूपगंज थानां मैहर, कमलेश आदिवासी उर्फचंदू पिता दुकौडी आदिवासी (40) निवासी धतूरा थाना मैहर जिला मैहर,रमेश आदिवासी पिता विश्राम आदिवासी (30) निवासी धतूरा थाना मैहर जिला मैहर शामिल हैं।

आरोपियों के खिलाफ मैहर थाना में आईपीसी की धारा धारा 327,294,324 ,506, 34 ,326, 329 के तहत मुकदमा दर्ज था।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अमरनाथ साहू के साथ मारपीट की थी। उसे पोड़ी में घायल अवस्था में छोड़ कर भाग गए थे।

अमरनाथ मजदूरी करता है। वह घर से काम पर गया था जहां उसे आरोपियों ने पकड़ लिया और उससे शराब- मुर्गा के लिए पैसे मांगे। अमरनाथ ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उन्हें बताया कि वह मजदूर है और मजदूरी कर के अपना भरण पोषण करता है, लेकिन आरोपी नहीं माने और पैसे न मिलने पर उसके साथ मारपीट की और उसे पोड़ी में घायल अवस्था मे छोड़ कर भाग गए।

सूचना मिलने पर अमरनाथ का चाचा वहां पहुंचा और उसे लेकर थाना पहुंचा। शिकायत दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को अलग - अलग जगह दबिश देकर गिरफ्तार किया।

प्री-एग्रीकल्चर प्रवेष परीक्षा 8 और 9 जून को

## परीक्षा के सुचारु संचालन के लिये कंट्रोल रुम स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा प्री-एग्रीकल्चर प्रवेश परीक्षा 8 और 9 जून को ऑनलाइन आयोजित की गई है। सतना जिले में प्रवेश परीक्षा मां मीरा कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल डेलौरा सतना में दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली के प्रश्न पत्र की परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ली जायेगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक तथा दूसरी पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लेने को कहा गया है।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने परीक्षा के सुचारु संचालन के लिये कलेक्टर कार्यालय सतना के एफ-17 कक्ष में कंट्रोल रुम स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े परीक्षा को परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला नाजिर रामलखन वर्मा, गौरव कुमार गौतम और सहायक ग्रेड-3 आकाश यादव की ड्यूटी कंट्रोल रुम में लगाई गई है।

## संबल योजना के पात्र हितग्राही सभी पंजीकृत हों : सीईओ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना संजना जैन ने सतना और मैहर जिले की सभी 695 ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों में एक भी संबल योजना का पात्र हितग्राही पंजीयन से वंचित नहीं होना चाहिये। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुधा प्रचार-प्रसार और तकनीकी ज्ञान नहीं होने से योजनाओं के हितग्राही वंचित रह जाते हैं। सभी हितग्राहियों को संबल योजना के प्रावधानों की तकनीकी जानकारी देकर ऑनलाईन पंजीयन करायें। पंचायत क्षेत्र में सभी पात्र हितग्राहियों का संबल में पंजीयन कराना सचिव का उत्तर दायित्व होगा। ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे।

## निजी विद्यालय फीस व अन्य जानकारियाँ 8 जून तक पोर्टल पर अपलोड करें

30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर आगामी 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर्स को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट आईएसबीएन (इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बुक नंबर) पाठ्य-पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ चिन्हित होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी कलेक्टर्स को जांच उपरांत प्रतिवेदन आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर्स को जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि राज्य शासन को कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन कर अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर्स इस अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करायें।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा फीस में वृद्धि एवं इसके संग्रहण तथा इससे जुड़े अन्य विषयों को रेगुलेट करने के लिये म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 बनाया गया है। इस अधिनियम के अधीन म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2020 में प्रावधानित किया गया है कि राज्य सरकार निजी विद्यालयों की फीस व अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी।

इंस्ट्रग्राम में 10 साल बाद मिले प्रेमी

## दोनों अपने-अपने परिवार को छोड़कर हुये फरार



### महिला थाने पहुंची पत्नी, पुलिस कर रही दोनों की तलाश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** 10 साल पहले बिछड़े हुए प्रेमी एक बार फिर सोशल साइट इंस्ट्राग्राम के जरिये मिल गए। इसके बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ने लगी। ऐसे में दोनों ने अपने वैवाहिक जीवन को छोड़कर अलग दुनिया बसाने का निर्णय लिया और दोनों भाग निकले। इस मामले को लेकर अब पत्नी ने महिला थाने में एफआइआर दर्ज कराई है।

बताया जा रहा है कि बैकुंठपुर में रहने वाला युवक एक युवती से प्रेम करता था, लेकिन परिवार वालों की वजह से दोनों एक दूसरे से शादी नहीं कर पाये। दोनों के विवाह अलग-अलग हो गये। जहां युवती का विवाह यूपी में होने के कारण वह पति से साथ वहीं रहने लगी। इसी बीच अचानक 10 साल में बाद दोनों इंस्ट्राग्राम पर मिल गए। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गई। इसके बाद प्रेमिका अपने पति और एक बच्चे को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने आ गई। प्रेमी भी बैकुंठपुर में अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर प्रेमिका के साथ अलग कमरे में रहने लगा। इसकी जानकारी होने पर पत्नी ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। जहां दोनों को समझाइश दी गई। इसके कुछ दिन बाद प्रेमी प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। अब पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

जेसीबी की मदद में प्रशासन ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन

## अब बोरवेल में गिरा बकरा, 7 घंटे बाद 20 फिट गहरे बोरबेल से जिंदा निकला बकरा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिला अंतर्गत नईगढ़ी के गढ़वा गांव में गुरूवार को घास चरने गया एक बकरा बोरबेल में गिर गया है। सूखे बोरवेल में 20 फीट में जाकर बकरा फंस गया। इसकी जानकारी के बाद प्रशासन ने तत्काल बकरे को निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन किया। इस दौरान 20 फीट गहरे गड्ढे को खोदकर 7 घंटे बाद बकरे को जिंदा निकाला गया। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। एक जानवर की जिंदगी बचाने के लिए प्रशासन के द्वारा लिया गया यह निर्णय को लोग तारीफ कर रहे है। बताया जा रहा है कि नईगढ़ी के अंतर्गत ग्राम गढ़वा का रहने वाला ननकु आदिवासी अपना बकरा खेत में चरा रहा था। इसी दौरान बकरा बोरबेल में जा गिरा। यह देख आदिवासी ने शोर मचाया है इसके बाद वहां काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी जानकारी प्रशासन को लगते ही मौके में एसडीएम व्ही के पांडेय पहुंच गए और इसके बाद जेसीबी की मदद से तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। पूरे दोपहर 7 घंटे लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शाम को बकरा सुरक्षित निकला। पशु विभाग के अधिकारी ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मनगंवा विधायक नरेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



**बाहर रहते हैं खेत के मालिक:** बताया जा रहा है कि जिस खेत के बोरवेल में बकरा गिरा है उसके मालिक का अभी पता नहीं चला है लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि वह अक्सर बाहर रहते हैं। जिस बोर में बकरा गिरा उसकी अधिकतम गहरी 20 फीट बताई जा रही है। बकर निकलने के बाद लोग ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की है।

**जिले की दूसरी घटना:** बोरवेल में गिरने की यह दूसरी घटना है बता दें कि पहली घटना त्योंथर के मनिका गांव में हुई थी। जहां एक मासूम बोरवेल में गिर गया था। इसके लिए प्रशासन ने 46 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है लेकिन वह मासूम को नहीं बचा सके। इसके बाद प्रशासन ने खुले बोरबेल का बंद करने अभियान चलाया था। बावजूद इसके अभी भी बोर खुले हुए हैं।

## छात्र ने एक दर्जन छात्राओं को भेजे अशलील मैसेज

### परिजन पहुंचे समान थाने, पुलिस ने छात्र व अभिभावक को बुलाया स्कूल प्रबंधन की सामने आई बड़ी लापरवाही

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर का ज्ञानस्थली विद्यालय एक बार फिर चर्चाओं में



दरअसल इस बार वहां के पढ़ने वाले छात्र की हरकत के कारण मामला स्कूल से निकलकर पुलिस तक पहुंच गया है। इसमें स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

बताया जा रहा है कि ज्ञानस्थली विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र ने एक नहीं बल्कि एक दर्जन छात्राओं को अश्लील मैसेजे मोबाइल पर भेजे है। छात्राओं की आपत्ति के बावजूद छात्र ने मैसेज भेजना बंद नहीं किया है। इस पर छात्राओं ने पहले स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी तो स्कूल प्रबंधन ने यह कहते हुए पलड़ा झाड़ लिया किया छात्र का अंतिम वर्ष है इसके बाद छात्र स्वंय ही बाहर हो जाएगा। इसके बाद तो छात्र के हौसले और बढ़ गए। छात्र ने इसके बाद लगातार मैसेज की संख्या बढ़ा दी। इस पर छात्राओं ने परिजनों को बताया तो उन्होने सामान थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने अभिभावक और उसके बेटे को बुलाकर कड़ी चेतावनी दी। वहीं परिजनों ने स्कूल प्रबंधन के इस लापरवाही रवैया को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है।

## श्रमिकों को लू के प्रकोप से बचाव की सलाह

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** श्रम आयुक्त द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, असंगठित क्षेत्र एवं समस्त निर्माण कार्य स्थलों में श्रमिकों को लू के प्रकोप से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है। श्रमिकों के लिये कार्य स्थल में शीतल जल, आपात स्थिति हेतु पर्याप्त शेड, फस्टएड बाक्स आदि की उपलब्धता कराने के अतिरिक्त लू से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाय। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि लू के प्रभाव से ताप के कारण शारीरिक ऐठन, अत्यधिक थकावट शारीरिक खिचाव एवं तापदाह हो सकता है ऐसी स्थिति में श्रमिकों के उपचार की व्यवस्था करायें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी संटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।